

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-3 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 43 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ पुदीने की पत्तियों के खाने से शरीर को मिलते हैं चमत्कारिक फायदे

श्रद्धा कपूर ने दिया 'स्त्री3' पर बड़ा अपडेट ◀◀ 6


## झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

# सीट बंटवारे को लेकर राजद में गहमा-गहमी, तेजस्वी की बैठक, मंथन जारी

- गठबंधन में राजद को सात सीट से अधिक मिलने की संभावना नहीं, माले चार पर अडिग
- आज देर शाम हो सकती है इंडिया गठबंधन की ज्वाइंट पीसी
- इससे पहले राजद ने तीन बजे बुलाई है पीसी
- सीपीआई और सीपीएम को लेकर गठबंधन के बड़े नेता गंभीर नहीं, ये दोनों पार्टियां हो सकती हैं आउट



### आज देर शाम तक हो सकती है इंडिया ब्लॉक की ज्वाइंट पीसी

मिली जानकारी के अनुसार, सभी दलों को अब अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा करनी है। इसलिए बहुत जल्द इंडिया ब्लॉक गठबंधन और सीट शेयरिंग की तस्वीर स्पष्ट करना चाहता है। मिली जानकारी के अनुसार, आज देर शाम तक इंडिया ब्लॉक की ज्वाइंट पीसी हो सकती है। इसके बाद आज या कल तक राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर सकते हैं।

मेट्रो रेज

**रांची :** इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर अभी तक पेंच फंसा हुआ है, जिसे सुलझाने की दिशा में प्रयास जारी है। सबसे अधिक नाराजगी राजद खेमे में देखी जा रही है। झामुमो और कांग्रेस राजद को सात से अधिक सीट देने के लिए राजी नहीं है। जिसको लेकर रविवार को भी राजद खेमे में गहमा-गहमी जारी है। हालात की गंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि खुद तेजस्वी यादव और मनोज झा होटल रेडिशन में जमे हैं और सुबह से ही होटल में गहमा-गहमी जारी है। पहले राजद ने 11 बजे प्रदेश कार्यालय में पीसी बुलाई थी। लेकिन बाद में इसे एक्सटेंड करके तीन बजे कर दिया गया। अब तीन बजे राजद खेमा क्या खुलासा करेगा, इसको लेकर इंडिया ब्लॉक में हलचलें बढ़ गयी है। हालांकि कल नाराज हो चुके तेजस्वी की हेमंत सोरेन और गुलाम अहमद मीर से मुलाकात के बाद बात कुछ संभली थी। मगर वह कितने हद तक संभल पायी है, यह आज पता चल जायेगा।

**माले चार सीट से पीछे हटने को तैयार नहीं:** इधर माले भी अपने तेवर तल्ख कर लिये हैं। माले पहले से पांच सीट मांग रही थी, लेकिन जमुआ के सीटिंग विधायक केदार हाजरा के झामुमो में शामिल हो जाने के बाद जमुआ सीट अब झामुमो के खाते में आ चुकी है। अब माले निरसा से अरूप चटर्जी, बगोदर से विनोद सिंह, धनवार से राजकुमार यादव ओर सिंदरी से बबलू महतो के लिए अड़ी है। यानी कि माले हर हाल में चार सीट चाहता है।

**सीपीआई-सीपीएम हो सकते हैं गठबंधन से आउट :** मिली जानकारी के अनुसार, वामदल खेमे से केवल माले को ही गठबंधन में जगह मिलेगी। बतातें चलें कि मासस का विलय माले में हो चुका है। इसलिए अब दो वामदल एक हो चुके हैं। ऐसे में अब कहीं से भी सीपीआई और सीपीएम के लिए जगह नहीं बच रही है। इसलिए अब करीब-करीब यह तय हो चुका है कि सीपीआई और सीपीएम गठबंधन से आउट हो जायेंगे।

## रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास तेज धमाके से दहले लोग

### एफएसएल टीम ने एकत्र किए नमूने

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार को धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की आवाज सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से सुनाई दी थी। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। डीसीपी रोहिणी अमित गोयल ने बताया कि एक्सपर्ट को बुलाया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। डीसीपी ने कहा कि विशेषज्ञ टीम ही स्थिति की विस्तृत जानकारी दे पाएगी। क्राइम ब्रांच स्पेशल सेल स्पेशल स्टाफ सब मौके पर पहुंचे।

वहीं, घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को सुबह करीब 7:50 बजे दी गई, जिसके बाद तुरंत दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, अभी तक दीवार में आग लगने या क्षति की कोई जानकारी नहीं मिली है। टीम लगातार इलाके में सर्चिंग कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुबह 7:47 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि सीआरपीएफ स्कूल सेक्टर-14 रोहिणी के पास बहुत शोर के साथ एक विस्फोट हुआ है। थानाप्रभारी/पीवी एवं स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्गंध आ रही थी। पास की दुकान और दुकान के पास खड़ी कार के शीशे क्षतिग्रस्त पाए गए। कोई घायल नहीं हुआ है। मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। धटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। स्पेशल सेल के सूत्र के मुताबिक मौके पर स्पेशल सेल की टीम भी मौजूद है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये शख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए।

### विमानों को मिल रहीं बम धमकियों के बीच बीसीएएस महानिदेशक की बड़ी अपील, कहा

## भारतीय आसमान सुरक्षित, डरे नहीं यात्री



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर की एयरलाइंस को बम धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को एक दिन में 30 से अधिक विमानों को बम की धमकी मिली। इन धमकियों की वजह से यात्रियों में दहशत का माहौल फैल जाता है। उन्हें असुविधा का भी सामना करना पड़ता है। इस बीच नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि बम की फर्जी धमकियों पर जल्द से जल्द अंकुश लगा दिया जाएगा। भारतीय आकाश पूरी तरह से सुरक्षित है। यात्री बिना किसी डर के यात्रा करें।

मजबूत प्रोटोकॉल, यात्री डरे नहीं: बीसीएएस डीजी जुल्फिकार हसन ने कहा कि फर्जी धमकियों से निपटने के लिए एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल स्थापित किया जा रहा है। जल्द ही इन धमकियों पर लगाम लगाई जाएगी। भारतीय आकाश पूरी तरह से सुरक्षित है। मौजूदा प्रोटोकॉल मजबूत है। सख्ती से इसका पालन भी किया जा रहा है। यात्री बिना किसी डर के यात्रा करें। इस मामले में एयरलाइंस के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी हुई है।

दिल्ली स्थित बीसीएएस मुख्यालय में एयरलाइंस कंपनियों की एक अहम बैठक हुई। एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी समस्याओं को बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन के सामने रखी। लगातार आ रही धमकियों के मुद्दे पर लंबी चर्चा चली। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि त्योहारी सीजन में बम धमकी की वजह से एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ हो सकती है। बीसीएएस ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं। जल्द ही इसके मूल कारणों तक पहुंच जाएंगे। लगातार बम धमकियों की वजह से एयरलाइंस को सामान्य तरीके से परिचालन में दिक्कत आ रही है। प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि लगातार मिल रहीं धमकियों से एयरलाइंस, सुरक्षा बलों और यात्रियों पर काफी बोझ पड़ा है। पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में एयरलाइंस को बम की धमकी मिल चुकी है। स्पाइस जेट और एयर एशिया की पांच-पांच फ्लाइट को बम की धमकी मिली। जांच में यह सभी धमकी फर्जी निकलीं।

इस बीच इन धमकियों की वजह से सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय कई अन्य मंत्रालयों के संपर्क में है। इन मंत्रालयों के बीच कानून में जरूरी संशोधन की बातचीत चल रही है। कानून और गृह मंत्रालय के परामर्श से एक समिति गठित की जाएगी। यह समिति विमान अधिनियम- 1934 और विमान नियम- 1937 व अन्य कानूनों में संशोधन का मसौदा तैयार करेगी। इसका उद्देश्य बम की फर्जी धमकी देने वालों को पांच साल की सजा और नो फ्लाई लिस्ट में डालना है।

# बासुकीनाथ में गैस सिलेंडर में धमाके से लगी भीषण आग, 58 दुकानें जलकर खाक, करोड़ों का नुकसान

मेट्रो रेज

**रांची :** बासुकीनाथ बाजार चूड़ी गली में शनिवार की रात भीषण अग्निकांड में छोटी बड़ी 58 दुकानें जलकर खाक हो गयी। करीब पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉट सर्किट या फिर किसी ने सिगरेट पीकर दुकान की और फेंक दिया हो। लोगों के अनुसार आग मार्केट कॉम्पलेक्स के पूर्वी दिशा स्थित दुकान में पहले आग लगी, उसके बाद देखते देखते आग की लपटें इतनी तेजी से फैली की सभी दुकानों को जलाकर खाक कर दिया।

**रात में गहरी नींद में सोए थे लोग, माइकिंग से किया गया अलर्ट:** आग पर काबू पाने के लिए मंदिर कार्यालय स्थित ध्वनि प्रसारण यंत्र से माइकिंग की गयी। सभी लोग अपने अपने घरों में गहरी नींद में सोये हुए थे। जानकारी होते ही सभी अपने अपने दुकान बचाने के लिए बाजार की और भागे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेजी से बढ़ रही थी की किसी ने भी अपने जल रहे दुकान को बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। और सभी के सामने दुकान जलकर खाक हो गया। बासुकीनाथ स्थित अधिकांश दुकान बांस बल्ला प्लास्टिक से घेर कर बनाया गया है। जिस कारण आग तेजी से फैल गया। आग की भयावहता के आगे सब प्रयास बेकार गये।



### पहले चार-पांच दुकानों में लगी थी आग, देखते-देखते फैली

ग्रामीणों ने बताया कि आग रात में 12 बजे के करीब लगी। उस समय 4-5 दुकान में ही आग पकड़ी थी, लेकिन लोगों की भीड़ जमा होते-होते आग तेजी के साथ एक दूसरे दुकान को जलाते हुए आगे बढ़ने लगी। आग की लपटें काफी ऊपर उठ रही थी। ग्रामीणों ने बुझाने का भी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाये। स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप, पुलिस निरीक्षक श्यामानंद मंडल घटनास्थल पर पहुंचे। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार भी रात में घटनास्थल पर पहुंचे, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर निकल गये।

**दुकान में रखा चार गैस सिलिंडर फटा:** चाय व मुढ़ी घुघनी दुकान में रखा हुआ चार गैस सिलिंडर फटने से बड़ा धमाका हुआ, बारी-बारी से गैस सिलेंडर फटा, आग की लपटें 40 फीट ऊपर उठने लगी, लोग इधर उधर भागने लगे। आग का भीषण रूप देखकर लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि वे अपनी दुकान को कैसे बचाये। इसमें नगर पंचायत बासुकीनाथ के जेसीबी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। चालक ने अपनी सूझबूझ व जेसीबी की मदद से बीच के दुकान को हटा दिया जिससे आग चुड़ी गली से आगे नहीं बढ़ सकी। अन्यथा पूरे बासुकिनाथ स्थित सभी दुकानों को आग अपनी लपटों में लेकर जला देती।

**एक घंटे बिलंब से फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची:** पुलिस ने वरीय अधिकारी को जानकारी देने के साथ-साथ दमकल विभाग को अग्निकांड की सूचना दी। लेकिन एक घंटे विलंब से फायर बिग्रेड की गाड़ी बासुकिनाथ पहुंची। तब तक सभी दुकानें जल चुकी थी। दुमका से फायर बिग्रेड की चार गाड़ी पहुंची, देवघर से भी एक गाड़ी को मंगाया गया। तब जाकर आग को बुझाया जा सका। फायर बिग्रेड की गाड़ी में पानी तीन बार समाप्त हो गया, बासुकीनाथ पानी टंकी में पानी भरकर दोबारा सभी फायर बिग्रेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग को बुझाया।

# पीएम मोदी आज वाराणसी दौरे पर, करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

एजेंसी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर करीब दोपहर 1:45 बजे काशी पहुंचेंगे। यहीं से काशी और देश को 6,611.18 करोड़ की 23 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें काशी की 380.13 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और 2874.17 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। सिगरा स्टेडियम के दूसरे और तीसरे चरण के निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी होगा। इस स्टेडियम में 27 में से 22 ओलंपिक खेलों के लिए तैयारी, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के आयोजन की सुविधा है।

पीएम मोदी रविवार को बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हरिहरपुर स्थित आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे। साथ ही कांचीकामकोटि पीठ के शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती की मौजूदगी में प्रधानमंत्री प्रबुद्धजनों से संवाद भी करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न चार बजे सिगरा स्टेडियम पहुंचेंगे। स्टेडियम से ही देश की 23 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट वाराणसी, बागडोगरा, दरभंगा, आगरा एयरपोर्ट के नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण का शिलान्यास करेंगे। रीवा, मां महामाया, अंबिकापुर और सरसावा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद इन एयरपोर्ट की यात्री आवागमन से जुड़ी संयुक्त क्षमता सालाना 2.3 करोड़ से अधिक यात्रियों की हो जाएगी।

**स्टेडियम में होगी प्रधानमंत्री की जनसभा :** ओलंपिक संघ के पदाधिकारी और 373 खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबतपुर एयरपोर्ट पर करेंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी रहेंगे। प्रधानमंत्री शाम सवा छह बजे काशी से रवाना हो जाएंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि काशी आगमन पर प्रधानमंत्री का स्वागत ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा से किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत की तैयारी की है। बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से सिगरा स्टेडियम तक स्वागत क प्वाइंट तय कर दिए गए हैं।

### देशवासियों को देंगे 6,611 करोड़ की सौगात



**24 आईपीएस संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था की कमान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहर आगमन के दौरान रविवार को 24 आईपीएस ऑफिसर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। एसपीजी के अभेद्य घेरे में रहने वाले प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में एनएसजी व एटीएस के कमांडो, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अफसर, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के जवानों के अलावा पब्लिक के बीच पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर बाबतपुर एयरपोर्ट से सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम तक शनिवार को उनकी डमी फ्लीट का ग्रैंड रिहर्सल किया गया। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने पुलिस अफसरों और कर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कमिश्नरेट की फोर्स के अलावा गैर जनपद से नौ आईपीएस, 14 एडिशनल एसपी, 25 डिप्टी एसपी, 43 इंस्पेक्टर, 361 दरोगा और 2044 हेड कांस्टेबल / कांस्टेबल आए हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी सुरक्षा कर्मी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे।

### दिल्ली में दिनदहाड़े डकैती

## बदमाशों ने डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक को बंधक बनाकर दो करोड़ कैश और सोने के गहने लूटे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां प्रशांत विहार थाना क्षेत्र में कूरियर ब्वॉय बनकर आए पांच बदमाशों ने डीआरडीओ के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक के घर दिनदहाड़े डकैती डाली। बदमाशों ने घर में घुस कर सेवानिवृत्त वैज्ञानिक व उनकी पत्नी के हाथ-पांव बांधे और दो करोड़ रुपये नकद व लाखों रुपये के गहने लूटकर फरार हो गए। दंपती शोर न मचा पाएं, इसलिए दोनों के मुंह पर कपड़ा बांध दिया। वारदात के समय घर पर बुजुर्ग दंपती के अलावा परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। लूट की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दंपती के बयान के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस अधिकारी ने जिला के स्पेशल स्टाफ सहित छह टीम गठित कर दी हैं। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में कर लिया है। पुलिस फुटेज के जरिए वारदात में शामिल बदमाश की पहचान करने में जुटी है। दिनदहाड़े हुई डकैती के बाद लोग सकते में हैं। डीआरडीओ से सेवानिवृत्त शिबू सिंह वर्मा अपनी पत्नी के साथ प्रशांत विहार क्षेत्र में रहते हैं। शिबू के दो बेटे हैं, दोनों बेटे दिल्ली में ही अलग-अलग क्षेत्रों में रहते हैं। पुलिस को दिए बयान में शिबू ने बताया कि उनका एक बेटा रोहिणी सेक्टर-18 में रहता है, जो हर रोज उनके पास आता रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन जांच के दौरान अंतरराज्यीय सीमा से 2 लाख रुपए बरामद



**मुरीः** मुरी पुरुलिया अंतरराज्यीय सीमा पर मुरी पुलिस पदाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान एक चार चक्का वाहन से 2 लाख रुपए बरामद किये गए । बरामद रुपए के बारे मे चार चक्का वाहन के मालिक से पूछताछ की जा रही है। जांच में मुरी ओपी प्रभारी कुन्दन सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी थे।

### लंगूर के हमले से तीन घायल

**घाटशिला :** थाना क्षेत्र के काड़ाडूबा गांव में शनिवार को एक लंगूर ने अचानक हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब लंगूर जंगल से गांव में घुस आया। ग्रामीणों के अनुसार, लंगूर ने आते ही हरिराम पातर (75) गोविंद पाल (20) और मिहिर विषई (60) पर हमला कर दिया। लंगूर के काटने से सभी घायल हो गए, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लाया गया। अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा डा। मीरा मुर्मू ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि सभी की स्थिति स्थिर है लेकिन उन्हें गहरे जख्मों के कारण चिकित्सकीय देखरेख की आवश्यकता है। इस घटना से ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल है।

### पलामू राज्य के सभी क्षेत्रों में हुए हैं विकास कार्य : मंत्री मिथिलेश



**पलामूः** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का समर्थन किया। शनिवार को मंत्री ठाकुर की उपस्थिति में उनके आवास पर गढ़वा शहरी क्षेत्र के टंडवा, भगलपुर सहित कल्याणपुर, मेराल प्रखंड के करकोमा आदि क्षेत्रों से 300 से अधिक महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। हसीना खातून के नेतृत्व में कल्याणपुर के 50 से अधिक महिलाओं ने भी झामुमो का दामन थामा। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी आदि ने सभी महिलाओं को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल की।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि काफी संख्या में माता, बहनों का अपार समर्थन मिल रहा है। इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में गढ़वा के लोगों ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह से मैंने खरा उतरने का प्रयास किया है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है। राज्य की सभी बहन, बेटियों, माताओं आदि सभी वर्गों के लिए सरकार ने कई बेहतर कार्य किए हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड सरकार का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बहुत बड़ा कदम है।

### तिसरी में पुलिस ने किया अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त



**गिरीडीहः** तिसरी थाना क्षेत्र के गजवाकुरा गांव में पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त कर दी। भट्ठी का संचालन गागो तुरी के घर में किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रंजय कुमार जवानों के गांव पहुंचे और उक्त घर में छापेमारी कर 40 किलो जावा महुआ व शराब बनाने वाली अन्य सामग्री जब्त करते हुए उसे नष्ट कर दिया।

### गबन मामले में सहायक शिक्षिका निलंबित

रामगढ़ः भुरकुंडा बालिका उच्च विद्यालय की सहायक शिक्षिका रेणु कुमारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर किए गए कार्यों के विरुद्ध प्राप्त शिकायत जांच में सही पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। साथ ही गबन की राशि 28410 रुपये की वसूली शिक्षिका से की जाएगी। निलंबन अवधि का वेतन देय नहीं होगा। संख्यात्मक रूप से एक वार्षिक वेतन वृद्धि अवरोध रहेगी। इससे पहले अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन को जिला शिक्षा स्थापना समिति की 4 सितंबर 2023 की बैठक में निर्णय लेने के लिए प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर समिति द्वारा आदेश पारित किया गया कि रेणु तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षिका को विभागीय कार्रवाई के अधीन रखते हुए उनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित किया जाए। सबसे अच्छे ऑनलाइन कोर्स

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रपत्र गठित करते हुए आरोपों की बिंदुवार जांच करने के लिए जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जांच पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि रेणु तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यपीका सह शिक्षिका, बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा, रामगढ़ के विरुद्ध सभी आरोप सही है। 21 मई को हुई जिला स्थापना समिति की बैठक में रेणु को निलंबित करने का आदेश पारित किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि शिक्षिका के ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ से जांच कराकर साक्ष्य सहित स्पष्ट जांच प्रतिवेदन से जिला शिक्षा स्थापना समिति को संसुचित किया जाए।

### 'संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर किया हमला, कहा

# वे आपको सम्मान देंगे, लेकिन आपके अधिकार छीन लेंगे

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आज संविधान के सम्मान के साथ ही उसकी रक्षा भी करनी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज कोई भी संविधान की रक्षा नहीं कर रहा है। मीडिया, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी और आईटी इनमें से कोई नहीं, क्योंकि इखढ सबको कंट्रोल करती है।

भाजपा पर राहुल गांधी का जुबानी हमलाः राहुल गांधी ने कहा, जब बीजेपी के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, तो वे क्या करने की कोशिश कर रहे हैं? वे आपके जीने के तरीके, इतिहास और विज्ञान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका आप हजारों सालों से पालन करते आ रहे हैं। आदिवासी का मतलब है वे जो पहले मालिक थे जबकि वनवासी का मतलब है वे जो जंगल में रहते हैं। जब इस शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, तो यह सिर्फ एक शब्द नहीं होता है। यह आपका पूरा इतिहास होता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा, मैंने भारत की शिक्षा प्रणाली में अध्ययन किया है, आपको आदिवासियों के बारे में सिर्फ 10-15 लाइन मिलेंगी। उनका इतिहास क्या है, उनका जीने का तरीका क्या है। उसके बारे में कुछ नहीं लिखा जाता है। आपके लिए ओबीसी शब्द का इस्तेमाल किया गया। क्या यही आपका नाम है?। किसने कहा कि आप पिछड़े हैं?। आपको आपके अधिकार नहीं



दिए गए। कहां है, इस देश को बनाने वाले किसानों, मजदूरों, बढ़ई, नाई, मोची का इतिहास क्या है?

'देश के 90% लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश': इस दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश के 90% लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश हो रही है। इनके साथ न मीडिया है, न जूडिशरी है और न ही ब्यूरोक्रेसी है, लेकिन इनके पास सच्चाई है। हम मिलकर आवाज उठाएंगे और इस लड़ाई में मैं आपके साथ हूं।

'जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा': राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना आगे कहा कि, भाजपा के पास धन, संस्थाएं, मीडिया, सीबीआई, ईडी, आईटी सब कुछ है। लेकिन हमारे पास 'सच्चाई' है। हमें और कुछ नहीं चाहिए। क्योंकि जब तक हमारे पास सच होगा, हमें न्याय मिलेगा। देश ने नरेंद्र मोदी को बता दिया किः हम बिरसा मुंडा, गुरु नानक देव, नारायण गुरु, बसवन्ना , भगवान बुद्ध और फुले की सोच पर आक्रमण नहीं होने देंगे।

## बीजेपी ने तय किये 66 उम्मीदवार ,बाबूलाल मरांडी धनवार से, चंपाई सोरेन सरायकेला से मैदान में



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को चंदनकियारी सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) चंपई सोरेन को सरायकेला से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है। भाजपा ने पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) लोबिन हेम्ब्रम को बोरियो विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। बोकारो विधानसभा सीट से बिरंची नारायण को उम्मीदवार बनाया गया है।

इन नेताओं के परिवार के सदस्यों को भी टिकटः भाजपा की तरफ से जारी सूची के अनुसार, झारखंड के पूर्व सीएम और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन की बड़ी बहू और भाजपा नेता सीता सोरेन को पार्टी ने जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है। इस कड़ी में अगला नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा का है, जिन्हें पोटका सुरक्षित सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्व से टिकट मिला है। वहीं पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है।

लोकसभा चुनाव में हारे प्रत्याशियों को मौकाः भाजपा की तरफ से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी और हार का सामना करने वाले कुछ चेहरों को भी विधानसभा में मौका दिया गया। इसमें सबसे पहला नाम गीता कोड़ा हैं जिन्हें लोकसभा चुनाव में सिंहभूम सीट से प्रत्याशी, अब उन्हें जगन्नाथपुर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार को घोषित किया है। वहीं इसमें दूसरा नाम सीता सोरेन का है, जिन्हें लोकसभा में दुमका सीट से मौका मिला था, अब वह जामताड़ा से विधानसभा उम्मीदवार हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा सीट से और पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव को बिशुनपुर सुरक्षित सीट से विधानसभा में प्रत्याशी बनाया गया है।

## दुलमी में 35 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रामगढ़ः** रजरप्पा पुलिस ने शनिवार को अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इसका नेतृत्व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय व सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के दुलमी प्रखंड के धुठुआ फनिकपुर गांव में छापेमारी कर चल रहे अवैध देसी महुआ शराब के कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही करीब 35 लीटर से भी अधिक अवैध महुआ शराब व 250 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया। इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होनेवाला उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी नष्ट किया गया।

वहीं अवैध शराब निर्माण करने वाले प्रमोद साहू के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी कर धुठुआ फनिकपुर गांव में अवैध महुआ देसी शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के किसी भी गांव-टोले में अवैध शराब बनाने और बेचने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आएगी, कहा कि आगे भी इस तरह के छापामारी अभियान जारी रहेगा, जिससे अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा रहे,

### आजसू की बैठक में एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का निर्णय

गिरीडीह : गांडेय बाजार के धोबिया मोड़ पर शनिवार को आजसू पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया गया। पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रचार करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी साव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का यही निर्देश है। क्योंकि आजसू पार्टी झारखंड में एनडीए गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है।

## 85 वर्ष के मतदाता के लिए होम वोटिंग की करें व्यवस्था : निदेशक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** विधानसभा चुनाव को लेकर बाघमारा प्रखंड सभागार में डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन की अध्यक्षता में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारिकारियों की बैठक हुई। राजीव रंजन सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बूथ सुप वाइजर व थाना प्रभारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कहा कि 85 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पर ही वोटिंग की सुविधा सनिश्चित की जाएगी। प्रखंड में कुल 355 बूथ हैं, जिनकी विशेष निगरानी करनी है। वहां पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस बार 22 बूथ बदले गए हैं। उन्होंने कहा कि एक विधानसभा के लिए एक आब्जर्वर रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट को देखना है कि बूथ पर कमरे में आने-जाने के दो रास्ते हैं या नहीं। अगर दो दरवाजा नहीं है तो रस्सी से मार्किंग करनी होगी। पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, मोबाइल चार्जर की सुविधा, रूट चार्ट के साथ नजरी नक्शा होना चाहिए। सेक्टर मजिस्ट्रेट नजरी नक्शा ले लें।बैठक में चुनाव के दौरान पारा मिलिट्री फोर्स को चार स्थानों पर ठहराने का निर्णय लिया गया। होम वोटिंग करने वाले 85 वर्ष के मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं को चिह्नित करने, सेक्टर मजिस्ट्रेट व बीएलओ को पानी की सुविधा नहीं रहने वाले बूथों पर टैंकर की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में बाघमारा बीडीओ लक्ष्मण यादव, सीओ बाल किसुन महतो, तोपचांची सीओ संजय सिंह, टुंडी बीडीओ के अलावा प्रखंड कर्मी प्रेम लता सिंह, रंजीत कुमार, रघुवंश भारती व अन्य मौजूद थे।



## विधानसभा चुनाव में 70 सीटों पर उतरेंगे कांग्रेस- जेएमएम के उम्मीदवार

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः झारखंड में सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा और कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सीट बंटवारे को लेकर चर्चा के लिए रांची पहुंच चुके हैं।

कांग्रेस-जेएमएम 70 सीटों पर लड़ेंगे चुनावः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची स्थित अपने सरकारी आवास पर गठबंधन का एलान किया। सोरेन ने इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद कहा, इंडिया ब्लॉक झारखंड विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेगा। सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि कांग्रेस और जेएमएम 81 में से 70 सीटों



पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। जेएमएम और कांग्रेस कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका खुलासा अभी मुख्यमंत्री ने नहीं किया।

बैठक में आरजेडी और वाम दल नहीं रहे मौजूदः उन्होंने आगे कहा कि शेष 11 सीटों के लिए गठबंधन सहयोगियों आरजेडी और वाम दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की उपस्थिति में सीट शेयरिंग का ऐलान किया। हालांकि, इस मौके पर आरजेडी और वाम दल के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। सोरेन बताया कि,राजद और सीपीआई(एल) से बातचीत के बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि, कांग्रेस और जेएमएम किन-किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बता दें राज्य में विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े थेः मनोज झा

वहीं आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा- हम आपके सामने एक खास वजह से आए हैं, हमारा पूरा नेतृत्व हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आग्रह पर यहां आया है। आज सुबह हमारी एक बैठक हुई थी और उस बैठक में यह तय हुआ कि वोटों की ताकत और जनाधार आरजेडी के पक्ष में है। पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े थे क्योंकि लालू जी का दिल बड़ा था, उनका लक्ष्य बीजेपी को बाहर करना था और आज भी लक्ष्य वही है, हम 5 सीटों पर दूसरे नंबर पर रहे। हमारे गठबंधन के बाकी साथी शायद इतनी सीटों पर प्रतिशत के हिसाब से दूसरे नंबर पर नहीं रहे होंगे।

15 से 18 ऐसी सीटों पर भाजपा को हराने में सक्षम': जबकि उन्होंने विपक्षी गठबंधन की बैठक पर कहा कि, एकतरफा फैसला लिया गया, अलग-अलग जिलों में हमारी मौजूदगी बहुत मजबूत है, हम अपने गठबंधन के साथियों से आग्रह करेंगे कि वे उसी हिसाब से फैसला लें, हमारे प्रभारी यहां हैं, हमारे प्रदेश अध्यक्ष यहां हैं और कल से हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव खुद यहां हैं। सबके होने के बावजूद अगर आपने गठबंधन की प्रक्रिया में हमें शामिल नहीं किया, तो यह दुख की बात है। आज जो बैठक हुई, उसमें हमने 15 से 18 ऐसी सीटों की पहचान की है कई जिलों में हम अकेले भी भाजपा को हराने में सक्षम हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विस चुनाव से पहले बीजेपी को लगा एक और झटका, गणेश महली ने छोड़ी पार्टी



**सरायकेलाः** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही भाजपा में भगदड़ मच गयी है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर पार्टी छोड़नी शुरू कर दी है। अब सरायकेला विधानसभा से बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी सह एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महली ने अपना इस्तीफा दे दिया है। चर्चा है कि अब वे सरायकेला से झामुमो के प्रत्याशी होंगे। पार्टी छोड़ने के बाद उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी पहले की तरह नहीं रही। इससे पहले पोटका विधानसभा से पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भी बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।

**गणेश महली बोले- दुखी मन से दे रहा हूं इस्तीफाः** इस्तीफा देने के बाद गणेश महली ने कहा कि भाजपा अब पहले जैसी नहीं रही। मैं दुखी होकर त्याग पत्र दे रहा हूं। शनिवार को प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद से ही वे बीजेपी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने चंपाई सोरेन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि वे दिल्ली जाकर उनकी राह में रोड़ा डालने का काम किया। हमें राजनीति से आउट करना चाहते थे। इसका परिणाम आने वाले दिनों में जरूर दिखेगा।

### तेलंगाना के डिप्टी सीएम व अधीर रंजन का युवा कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की तैयारी की समीक्षा के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अधीर रंजन रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर युवा कांग्रेस नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कार्यक्रम स्थल डोरंडा स्थित जैप के सभागार में तेलंगाना के डिप्टी सीएम विक्रमार्क और अधीर रंजन का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। दोनों नेताओं ने युवा कांग्रेस के कार्यकताओं को चुनावी समर में जी जान लगकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर प्रणव सिंह, माइकल मिंज, राजेश कुमार व प्रदीप सहित अन्य उपस्थित थे।

### जुआ कारोबारी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, सात गिरफ्तार

**रांचीः** जुआ कारोबारी के खिलाफ रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सात व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगड़ी थाना क्षेत्र के मेहता बैंक्वेट हॉल में देर रात जुआ अड्डा पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीम ने संदीप कुमार, अनूप कुमार, खुर्शीद अंसारी, नीरज कुमार, अनीश मुंडा, तबारक खान और इरशाद अंसारी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी जुआरी नगड़ी इलाके के हैं।

### डीसी ने सभी निवार्ची कोषांगों की पूरी व्यवस्था का किया निरीक्षण



**रांचीः** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने शनिवार को सभी जिला निवार्ची कोषांगों का निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण क्रम में निवार्ची कोषांगों की पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सभी निवार्ची पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप कराए। डीसी ने आर।ओ। सेल 63 रांची, 64 हटिया, 65 कांके, 66 मांडर का जायजा लेते हुए उन्होंने निवार्ची पदाधिकारियों से अभ्यर्थियों से लिए जाने वाले और अभ्यर्थियों को देने वाले सामग्री की व्यवस्था का रिव्यू किया। उन्होंने सी।सी।टीवी के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चेक लिस्ट के बारे में जानकारी, आगन्तुक के बैठने लिए प्रतीक्षा कक्ष के बारे में जानकारी ली। पूरे निरीक्षण के दौरान उन्होंने संतुष्टी जाहिर की। इस दौरान सभी पदाधिकारी, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, निवार्ची सेल के सभी कर्मी उपस्थित पाए गए।

### एक साथ चुनाव लड़ेगा एनडीए ,सरकार भी बनाएगा : हिमंता बिस्वा सरमा



रांचीः झारखंड प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा। लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

**झारखंड में बनानी है बेहतर सरकारः बाबूलाल**

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है। लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है।

# अमित महतो ने एक बार फिर थामा झामुमो का दामन

मेट्रो रेज

**रांचीः** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने एक बार फिर आज झामुमो में दामन थाम लिया हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें झामुमो में शामिल कराया । जिसके बाद उन्होंने खुद यानी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल अकाउंट्स से अमित महतो के साथ फोटो को साझा किया। उन्होंने पोस्ट कर लिखा है कि सिल्ली के पूर्व विधायक और जुझारू युवा नेता अमित महतो का झामुमो परिवार में पुनः स्वागत हैं। लड़ जाओ, भिड़ जाओ!

बता दें कि सिल्ली विधानसभा सीट पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अमित महतो ने वर्ष 2015 में हराया था। जहां जेएमएम की टिकट से अमित महतो पहली बार विधायक बने थे। चूंकि अमित महतो ने सुदेश महतो को हराया था, जिसके वजह से अमित महतो झारखंड की राजनीति में तेज तर्रार युवा नेता के तौर पर उभरे थे।



वहीं, सोनहातु के तत्कालीन सीओ के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करने के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने पूर्व विधायक अमित महतो को दो साल तक की सजा सुनाई थी। जिसके वजह से अमित महतो की विधायकी चली गयी थी। रांची सिविल कोर्ट की ओर से सजा सुनाये जाने के बाद पूर्व विधायक अमित महतो ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जहां हाईकोर्ट ने अमित महतो को राहत प्रदान की। जिसके तहत अमित महतो की सजा को कम करते हुये एक साल कर दिया गया था। वहीं, अमित महतो की जेएमएम से दूरियां आदिवासी खतियानी समेत अन्य मसलो को लेकर भी था।

### श्री काली पूजा आयोजन महासमिति का भूमि पूजन संपन्न



मेट्रो रेज

**रांचीः** श्री काली पूजा आयोजन महासमिति फिरायालाल चौक का भूमि पूजन पूरे विधि -विधान्हो गया। इस वर्ष काफी धूमधाम से काली पूजा की जायेगी। भूमि पूजन में बहुत सारे माता- बहन लोग शामिल हुए एवं बहुत ही उत्साह के साथ पूजा करने का संकल्प लिया । आज के भूमि पूजन में मुख्य रूप से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक जैनेन्द्र प्रसाद ,सचिव रामानंद ठाकुर , कमलेश कुमार अरोड़ा , काली पूजा समिति की अध्यक्ष अर्चना मिर्धा, राजेश साहू, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, बादल सिंह, मिहुल प्रसाद, तरंग मित्तल, प्रियंका सिंह जिया, चंदा तिवारी, प्रिटी सिन्हा, सुशीला लकड़ा, बेबी गाड़ी, रजनी अग्रवाल, लीना गुप्ता, राखी कौर, दुर्गा तिवारी, रीता दुबे, रंजीता पांडेय, सोमा चटर्जी, सोमाली चटर्जी, हनी चटर्जी , अभिषेक बनर्जी,सुधांशु सिंह व अन्य शामिल हुए ।

## विस चुनाव : आपत्तिजनक पोस्ट और भड़काऊ भाषण देनेवालों की खैर नहीं, पुलिस रखेगी पैनी नजर

मेट्रो रेज

**रांची :** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काऊ भाषण, धार्मिक उन्माद, अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित बैठक में आइजी अभियान सह स्टेट के नोडल अधिकारी अमोल वीणुकांत होमकर ने जिलों के एसपी को कई निर्देश दिये। साथ ही वैसे असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने को कहा, ताकि उपद्रवी धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें। इसके अलावा चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

ड्राइव चलाकर सक्रिय अपराधियों को किया गया चिन्हितः वहीं एस ड्राइव चलाकर लंबित वारंट, कुर्की, लंबित कांड, लाइसेंसी हथियार, सक्रिय अपराधकर्मियों व हिस्ट्री शीटरों को चिह्नित कर उन पर की गयी कार्रवाई की भी समीक्षा की।यह भी कहा कि आवश्यकता अनुसार अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बनायें और एसपी खुद चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग करें। वहीं डीआइजी चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण करें। यह सुनिश्चित करें कि चेक पोस्टों पर सीसीटीवी चालू हालत में हो रहे, ताकि अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखी जाये। बैठक में आइजी अभियान अमोल वीणुकांत होमकर, डीआइजी एसटीएफ इंद्रजीत महथा, वायरलेस डीआइजी अश्विनी कुमार सिन्हा, मौजूद थे। जबकि वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय आइजी, रेंज डीआइजी के अलावा जिलों के एसएसपी व एसपी ने बैठक में भाग लिया।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**

केंद्रीय बलों के आवासन व परिवहन की व्यवस्था और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। अवैध रूप से ले जाये जाने वाले कैश, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए औचक रूप से वाहन चेकिंग करें।-मतदाताओं को कैश हस्तांतरण कर, अवैध शराब बांटकर एवं अन्य तरीकों से चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध अविलंब कार्रवाई करें। ड्रग्स (नारकोटिक्स) नेटवर्क का पता करते हुए उसमें शामिल लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने व शैक्षणिक संस्थानों के आसपास इसकी बिक्री करनेवाले ड्रग्स पैडलर्स को चिह्नित कर अविलंब गिरफ्तार करें।

## 50 हजार तक नकद रुपये लेकर चलने की छूट : के रवि कुमार

मेट्रो रेज

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता की। इसमें रवि कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन शनिवार को सिर्फ एक व्यक्ति ने हटिया से अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर अब तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में दाखिल नामांकनों की कुल संख्या 4 हो गयी है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को रविवार का अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नकद 50 हजार रुपये लेकर चलने पर कोई पाबंदी नहीं है। 50 हजार से 10 लाख रुपये तक नकद लेकर चलने पर उसे जब्त कर संबंधित डीडीसी की कमेटी में यह परीक्षण होगा कि यह राशि चुनाव कार्य या आपराधिक गतिविधि से जुड़ा है या नहीं। अगर इससे जुड़ा मिला, तो उसे जब्त कर कानूनी कार्रवाई होगी। कमेटी अगर आश्वस्त होती है कि राशि वैध है, तो उसे संबंधित व्यक्ति को सौंप देगी। वहीं अगर किसी को बैंक आदि में रुपये जमा करना होता है, तो वह डीडीसी की पूवार्नुमति लेकर बिना रोक टोक ऐसा



कर सकता है। 10 लाख से ऊपर की जब्त राशि के मामले को आयकर विभाग देखेगा।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक तीन करोड़ 15 लाख से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। 49.61 लाख की सर्वाधिक जब्ती पाकुड़ में हुई है। इसी प्रकार धनबाद में 46.72 लाख, दुमका में 34.23 लाख और पलामू में अब तक 29.04 लाख रुपये मूल्य के अवैध सामान और नकदी की जब्ती हुई है। 10 लाख से अधिक जब्ती वाले जिलों में गोड्डा, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खारसावां और रांची शामिल हैं। इसमें राज्य पुलिस ने सर्वाधिक 1 करोड़ 60 लाख की जब्ती की है। वाणिज्य कर विभाग ने 61 लाख और आबकारी विभाग ने 59 लाख से अधिक की जब्ती की है।

# सुहागिनों के अखंड सौभाग्य का प्रतीक पर्व करवा चौथ आज

मेट्रो रेज

**आज 20** अक्तूबर को सुहागिन महिलाओं का महापर्व करवा चौथ है। कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। इस व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य के लिए सुबह से ही निर्जला व्रत रखती हैं।

सुहागिन महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में करवा माता की पूजा और कथा सुनती हैं, फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार करवा चौथ का व्रत सुबह से लेकर रात को चांद के दर्शन और पूजन के बाद समाप्त हो जाता है।



करवा चौथ का पर्व भारत में उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में मुख्य रूप से मनाया जाता है। करवा चौथ स्त्रियों का सर्वाधिक प्रिय व्रत है। यों तो प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को गणेश जी और चंद्रमा का व्रत किया जाता है, परंतु इनमें करवा चौथ का सर्वाधिक महत्त्व है। इस दिन सौभाग्यवती स्त्रियां अटल सुहाग, पति की दीर्घ आयु, स्वास्थ्य एवं मंगलकामना के लिए यह व्रत करती हैं। वामन पुराण में करवा चौथ व्रत का वर्णन आता है।

व्रत की प्रक्रियाः करवा चौथ में प्रयुक्त होने वाली संपूर्ण सामग्री को एकत्रित करें। व्रत के दिन प्रातः स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें- मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये। पूरे दिन निर्जल रहें। दीवार पर गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं। चित्रित करने की कला को करवा धरना कहा जाता है। आठ पूरियों की अठावरी, हलुआ और पक्के पकवान बनाएं।

पीली मिट्टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं। गौरी को लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उस पर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग सामग्री से गौरी का श्रृंगार करें। जल से भरा हुआ लोटा रखें। बायना (भेंट) देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें। रोली से करवा पर स्वस्तिक बनाएं। गौरी-गणेश और चित्रित करवा की परंपरानुसार पूजा करें। पति की दीघार्यु की कामना करें। नमः शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संतति शुभाम्। प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे॥ करवा पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें।

कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ घुमाकर अपनी सासू जी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें। तेरह दाने गेहूं के और पानी का लोटा या टोंटीदार करवा अलग रख लें। रात्रि में चंद्रमा निकलने के बाद छननी की ओट से उसे देखें और चंद्रमा को अर्घ्य दें। इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। उन्हें भोजन कराएं और स्वयं भी भोजन कर लें।

जेएमएम ने मतदान का समय अलग-अलग करने पर जताया विरोध, कहा

## समय में बदलाव सिद्धांत के प्रतिकूल

मेट्रो रेज

**रांची :** झामुमो ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन देकर राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का समय अलग-अलग रखने पर विरोध जताया है। पार्टी महासचिव विनोद पांडेय द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, मंझगांव, सिसई व भवनाथपुर को छोड़ कर शेष सभी 75 विधानसभा क्षेत्र में शहरी मतदान केंद्रों पर सुबह सात से शाम पांच बजे और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह सात से शाम चार बजे तक रखा गया है।

**ग्रामीण इलाकों में मतदान के समय में बदलाव सिद्धांत के प्रतिकूलः** यह सबको समान अवसर प्रदान किये जाने के सिद्धांत के प्रतिकूल है। पूर्व में राज्य के नक्सल प्रभावित होने के कारण पांच-पांच चरणों में चुनाव संपन्न होते थे। लेकिन अब जब केवल दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं, तब एक ही विधानसभा के शहरी व ग्रामीण इलाके में मतदान का अलग-अलग समय तय करना ग्रामीण मतदाताओं को मताधिकार के समान अवसर से वंचित करना होगा।

**ग्रामीण इलाकों में समय की कटौती अनुचितः** झामुमो के ज्ञापन में कहा गया है कि शहरों में छोटी परिधि में अधिक लोग निवास करते हैं। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास बिखरे होते हैं। वहां आवागमन के समुचित साधन भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए ज्यादा समय देने की जगह समय में कटौती करना अनुचित प्रतीत होता है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में मतदान प्रतिशत भी गिरेगा। साथ ही जिस राजनीतिक दल के ग्रामीण इलाकों में ज्यादा समर्थक होंगे, उनको नुकसान उठाना पड़ेगा। झामुमो की ओर से मतदान में समय के अंतर को समाप्त करने का आग्रह किया गया है।

### मेनका सरदार ने बीजेपी से दिया इस्तीफा



**जमशेदपुर :** पोटका विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक और टीएसी सदस्य मेनका सरदार ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेजा है।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची**
**विधान सभा आम निर्वाचन, 2024**
**(कार्मिक कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/प्रतिष्ठान/निकाय/शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन/मतदान पदाधिकारी के दायित्व निर्वहन हेतु की गयी है। नियुक्त उक्त पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों में से कतिपय पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों ने अपने स्वास्थ्य कारणों से निर्वाचन कार्य से विमुक्त किए जाने हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया है।

वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारी जिन्होंने स्वास्थ्य कारणो से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति का अनुरोध पत्र समर्पित किया है, उनका स्वास्थ्य परीक्षण हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वैसे सभी पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि वे दिनांक 23.10.24 से 31.10.24 तक किसी भी कार्य दिवस में सदर अस्पताल, राँची में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण करायेंगे, ताकि मेडिकल बोर्ड के प्रतिवेदन/अनुशंसा पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने की दिशा में निर्णय लिया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 339313 (Ranchi) 24-25 (D)

# करवा चौथ पर चांद कब निकलेगा

## जानें चंद्रोदय का समय, शुभ मुहूर्त और व्रत कथा



करवा चौथ का त्योहार कल यानी 20 अक्टूबर 2024, रविवार को है। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की सलामती के लिए व्रत रखती है। करका चतुर्थी या करवा चौथ के रूप में भी जाना जाने वाला यह त्योहार, सुबह से लेकर चंद्रमा निकलने तक कठिन निर्जला व्रत का पालन करेंगी। महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही खाना खाती हैं या पानी पीती हैं। अगर आप भी करवा चौथ का व्रत रख रही हैं तो जानें चंद्रोदय कब होगा।

### करवा चौथ समय

हिंदू पंचांग के अनुसार, करवा चौथ हिंदू माह कार्तिक में कृष्ण पक्ष चतुर्थी को पड़ता है। इस साल करवा चौथ द्रिक पंचांग के अनुसार 20 अक्टूबर, रविवार को मनाया जाएगा। चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 6 :46 बजे शुरू होगी और 21 अक्टूबर 2024 को सुबह 4 :16 बजे समाप्त होगी।

### करवा चौथ शुभ मुहूर्त, चंद्रोदय का समय

करवा चौथ पूजा मुहूर्त शाम 5 :46 बजे से शाम 7 :02 बजे तक 1 घंटे 16 मिनट की अवधि के लिए है। करवा चौथ पर चंद्रोदय शाम 7 :54 बजे होने की उम्मीद है, लेकिन यह अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होगा।

### करवा चौथ महत्व

करवा चौथ पूरे देश में मनाया जाता है, खासकर पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित भारत के उत्तरी हिस्सों में। जहां करवा का अर्थ है मिट्टी का बर्तन, वहीं चौथ का अर्थ है चौथा दिन।

### करवा चौथ व्रत विधि

करवा चौथ व्रत सूर्योदय होने से पहले से पहले ही कुछ चीजों का सेवन करती है, जिसे सरगी के नाम से जाना जाता है, जो सास अपनी बहुओं के लिए तैयार करती है। इसके बाद महिलाएं कठोर उपवास रखती हैं। इस दिन महिला पारंपारिक कपड़े पहनकर, वे वीरावती, करवा और सावित्री की पौराणिक कहानियों को सुनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, उनके बलिदान और अटूट प्रेम का सम्मान करते हैं। व्रत चंद्रमा के दर्शन के साथ समाप्त होता है, जिसके बाद पति अपनी पत्नियों को खाना खिलाते हैं और प्रतीकात्मक रूप से व्रत तोड़ते हैं।

### करवा चौथ की व्रत कथा

पंचांग के अनुसार वीरावती का जन्म इंद्रप्रस्थपुर में ब्राह्मण वेदशर्मा के यहां हुआ था। उसके सात भाई थे जो उससे बहुत प्यार करते थे, क्योंकि वह अकेली बहन थी। उन्होंने शादी की और अपने पति के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। हालांकि, उपवास उसके लिए शारीरिक रूप से भारी था, और भूख के कारण वह बेहोश हो गई। उसके भाई, अपनी बहन को शारीरिक परेशानी में नहीं देख पा रहे थे, उन्होंने एक योजना बनाई। वे जानते थे कि वीरावती चंद्रमा देखे बिना व्रत नहीं तोड़ेगी। भाई दीपक और छलनी लेकर एक ऊंचे वट वृक्ष पर चढ़ गया। दीपक चंद्रमा की नकल करेगा। जब वीरावती को होश आया, तो भाइयों ने उसे आश्वस्त किया कि चंद्रमा पहले ही उग आया है और उसे छत पर ले गए। अपनी कमजोर शारीरिक स्थिति में उसने छलनी से दीपक देखा और मान लिया कि यह चंद्रमा है। उसने अपना उपवास तोड़ दिया लेकिन जैसे ही उसने अपना पहला भोजन खाया, उसे कई अपशकुन का सामना करना पड़ा जो आसन्न दुर्भाग्य का संकेत था। भोजन के पहले निवाले में उसे एक बाल मिला। जब उसने दूसरा निवाला खाया तो उसे छींक आ गई और तीसरे काटने से पहले, उसे अपने ससुराल लौटने के लिए एक अप्रत्याशित फोन आया। पहुंचने पर, वीरावती यह देखकर बहुत दुखी हुई कि उसके पति की मृत्यु हो गई थी। वीरावती अपने पति की मौत के लिए खुद को दोषी मानते हुए फूट-फूट कर रोने लगी। उसकी पुकार सुनकर, भगवान इंद्र की पत्नी देवी इंद्राणी उसके सामने प्रकट हुईं। उसने देवी से अपने पति को पुनर्जीवित करने की प्रार्थना की। देवी ने समय से पहले व्रत तोड़ने और चंद्रमा को अर्घ न देने की गलती याद दिलाई। इससे उसके पति की मृत्यु हो गई। उसे वापस लाने के लिए, देवी ने उसे अपने पति को पुनर्जीवित करने के लिए पुण्य प्राप्त करने के लिए एक वर्ष तक हर महीने उपवास करने की सलाह दी। लगभग एक वर्ष तक कर्तव्यपूर्वक उपवास करने के बाद, उसका पति जीवित हो गया। यह कथा एक पत्नी की शक्ति और अपने पति के प्रति समर्पण का प्रतिनिधित्व करती है। यह विपरीत परिस्थितियों में अटूट प्रतिबद्धता, विश्वास और दृढ़ संकल्प की शक्ति को प्रदर्शित करता है।

# पुदीने की पत्तियों के खाने से शरीर को मिलते हैं चमत्कारिक फायदे

पुदीने की पत्तियां आमतौर पर हर भारतीय रसोई में मौजूद होती है। पुदीना एक सुगंधित और स्वादिष्ट सजावट सामग्री से कहीं अधिक है। यह सबसे पुरानी जड़ी-बूटियों में से एक है, जो विश्व भर में उगाई जाती है और इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में किया जाता है - चाहे वह चटनी हो, फलों का सलाद हो या रायता हो। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपनी मनमोहक सुगंध और स्वाद से परे, पुदीने की पत्तियां कई आश्चर्यजनक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैं? आवश्यक पोषक तत्वों और यौगिकों से भरपूर, इन पत्तियों को उनके औषधीय गुणों के लिए सदियों से महत्व दिया गया है। पाचन सहायता से लेकर तनाव से निजात पाने के लिए, पुदीने की पत्तियां आपकी दैनिक दिनचर्या में एक शक्तिशाली अतिरिक्त हो सकती हैं। आइए पुदीने की पत्तियों के सेवन से होने वाले कुछ स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानें।

**पाचन में मदद करता है**

पुदीने की पत्तियां पेट को तुरंत आराम पहुंचाती हैं और भोजन पचाने में सहायक होती हैं। एंटीऑक्सिडेंट, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और मेन्थॉल से भरपूर, पुदीना पेट की विभिन्न समस्याओं जैसे सूजन, अपच या पेट की खराबी के इलाज के लिए एक प्राकृतिक इलाज है। आपको बस अपनी चाय में पुदीने की पत्तियां मिलानी हैं और भोजन से पहले या बाद में गर्म पेय पीना है।



कुछ ताज़ी पुदीने की पत्तियों को उबलते पानी में पांच से दस मिनट तक उबालकर पीने से भी आपके पेट से संबंधित समस्याओं में मदद मिल सकती है।

**वजन घटाने में मदद करता है**

अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो फिर पुदीने की पत्तियां आपके लिए बेहद जरूरी हैं। इसमें कैलोरी कम होती है लेकिन फाइबर अधिक होता है और यह आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकता है, जिससे अधिक खाने की संभावना कम हो जाती है। चूंकि जड़ी-बूटी पाचन में सहायता करती है और फैट्स के चयापचय में सुधार करती है। यह वजन घटाने में सहायक होते है। आप पुदीने को सलाद, स्मूदी या डिटॉक्स पेय में मिलाकर अपने दैनिक भोजन में शामिल करें।

**तनाव दूर होता है**

पुदीने की सुगंध प्रकृति में बहुत शांत होती है और इस प्रकार यह तनाव को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। सुगंधित पत्तियां हमारे दिमाग को शांत करके हमारे दिमाग को आराम देती हैं, क्योंकि जड़ी-बूटी में एडाप्टोजेनिक गुण होते हैं जो कोर्टिसोल के स्तर को नियंत्रित करते हैं और तनाव से राहत देते हैं। तनाव से लड़ने और लोगों को शांत महसूस कराने के लिए अरोमाथेरेपी की तरह पुदीने का उपयोग हमेशा आयुर्वेदिक उपचार के रूप में किया जाता रहा है। इसमें शीतलन प्रभाव भी होता है जो सिस्टम को आराम देता है और तनाव कम करता है।

**स्किन बेहतर होती है**

क्या आप मुंहासों या त्वचा में जलन से थक गए हैं? पुदीने की पत्तियों को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित जगह पर लगाएं। 15 से 20 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, और आप शांत प्रभाव महसूस करेंगे। एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर पुदीना त्वचा को आराम और शांति देने में मदद करता है। इसके अलावा, पुदीने की पत्तियों में मौजूद सैलिसिलिक एसिड रोमछिद्रों को खोलता है, मुंहासों और दाग-धब्बों को कम करता है, प्राकृतिक रूप से सूजन को कम करता है।

# घर पर कड़ाही में बनाएं रेस्टोरेंट स्टाइल टेस्टी बन डोसा, नोट कर लें रेसिपी

हम में से बहुत से लोगों को साउथ इंडियन डिश पसंद होती है। साउथ इंडियन डिशेज हेल्दी होने के साथ ही पेट को भी अच्छा खासा भर देती है। बता दें कि वेट लॉस के लिए न्यूट्रिशनिस्ट आपकी डाइट में इडली शामिल करने की सलाह जरूर देंगी। वहीं उत्पम और रागी डोसा जैसी चीजें भी वेट मैनेज करने के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। ऐसे में जब साउथ इंडियन की बात होती है, तो अक्सर डोसा का जिक्र जरूर होता है। हालांकि अब तक आपने तवे पर डोसा बहुत बार बनते हुए देखा होगा। लेकिन बैंगलुरु में डोसा कड़ाही में बनाया जाता है। बैंगलुरु का फेमस स्ट्रीट फूड बन डोसा के एक अलग और अनूठा स्वाद होता है। अगर आप कभी बैंगलुरु गए होंगे, तो शायद ही आपने इसका स्वाद चखा हो। लेकिन जिस लोगों ने इसका स्वाद नहीं लिया है, वह यह रेसिपी सीख सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बन डोसा की रेसिपी बनाते जा रहे हैं।


**सामग्री**

डोसा के लिए 2 कप कच्चे चावल
मेथी- चम्मच
पोहा- 1 कप
नारियल- 1 कप कद्दूकस किया हुआ
नमक- 1 चम्मच
तेल- 3 चम्मच
सरसों- 1 चम्मच
उड़द दाल- 1 चम्मच
मिर्च- 3 बारीक कटी हुई
करी पत्ते
नमक- 1 चम्मच
चटनी के लिए- 1/4 कप कसा हुआ नारियल
हरी मिर्च- 1 चम्मच कटी हुई
अदरक- 1 चम्मच
भुने चने- 2 चम्मच
दही- 2 चम्मच
एक मुट्ठी धनिया पत्ती
स्वादानुसार नमक

ऐसे बनाएं डोसा

डोसा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी और चावल भिगोकर पेस्ट बना लें।

# कोलाड के हरे-भरे जंगल और घाटियाँ पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं



कोलाड, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और साहसिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान पुणे और मुंबई से लगभग समान दूरी पर स्थित है, जिससे यह एक आदर्श वीकेंड गेटवे बनता है। कोलाड की खासियत है कि यह न केवल एक शांतिपूर्ण जगह है, बल्कि यहाँ पर रोमांचक गतिविधियों का भी भरपूर आनंद लिया जा सकता है।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

कोलाड का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहाँ की हरियाली, पहाड़ियाँ और झरने इसे एक खूबसूरत पर्यटन स्थल बनाते हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहाँ की नदियाँ और झरने पूरी तरह से भर जाते हैं, तब इस स्थान की सुंदरता देखते ही बनती है। कोलाड के आस-पास के हरे-भरे जंगल और घाटियाँ पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

रिवर राफ्टिंग: कोलाड की मुख्य आकर्षणों में से एक है यहाँ की कर्जन नदी पर रिवर राफ्टिंग। यह गतिविधि साहसिक प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय अनुभव है। यहाँ की जलधारा की वेग के साथ राफ्टिंग करना एक रोमांचकारी अनुभव होता है।
दिवेघर और भिरवाडी झरना: ये झरने मानसून में पूरी तरह से बहते हैं और उनका दृश्य बहुत ही अद्भुत होता है। यहाँ पर आप पिकनिक मना सकते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।
**ट्रेकिंग:** कोलाड के चारों ओर कई ट्रैकिंग मार्ग हैं, जो अनुभवियों के लिए एक चुनौती पेश करते हैं। यहाँ की पहाड़ियों पर ट्रेकिंग करते समय आपको अद्भुत नज़ारे देखने को मिलेंगे। कोलाड का ताजे फल: यहाँ के स्थानीय बाजारों में ताजे फलों की खरीददारी करना एक अलग अनुभव है। खासकर अनार, आम और स्ट्रॉबेरी का स्वाद जरूर लें।


**संस्कृति और जीवनशैली**

कोलाड का जीवन सरल और शांत है। यहाँ के निवासी अपनी स्थानीय परंपराओं का पालन करते हैं और ग्रामीण जीवन का आनंद लेते हैं। यहाँ का खानपान भी स्थानीय  से भरा होता है। अगर आप स्थानीय भोजन का स्वाद लेना चाहते हैं, तो आपको यहाँ के कई छोटे ढाबे और रेस्टोरेंट में मजेदार व्यंजन मिलेंगे।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

कोलाड जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा होता है, जिससे यात्रा का अनुभव और भी आनंददायक बनता है। मानसून के दौरान, यह स्थान हरियाली से भर जाता है और प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।
कोलाड एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहाँ की गतिविधियाँ और प्राकृतिक दृश्य इसे एक अद्वितीय गंतव्य बनाते हैं। अगर आप रोमांचक गतिविधियों के साथ-साथ शांति की तलाश में हैं, तो कोलाड निश्चित रूप से आपकी यात्रा सूची में होना चाहिए। यहाँ का अनुभव आपके दिल में एक खास जगह बना देगा।

# कौरवों को युद्ध में हराने के लिए पांडवों ने इस गांव में किया था महायज्ञ, आज भी मौजूद हैं अवशेष



हम सभी महाभारत की कहानी के बारे में जानते हैं। महाभारत काल में कौरवों और पांडवों के बीच चौसर का खेल हुआ था। जिसमें पांडवों को हार का सामना करना पड़ा था। खेल में हारने के बाद पांडवों को 12 साल का वनवास और एक साल का अज्ञातवास मिला था। वनवास का समय काटने के लिए पांडव राजस्थान के डूंगरपुर जिले के छापी गांव गए थे।
बताया जाता है कि इस दौरान कौरवों को हराने के लिए और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पांडवों ने महायज्ञ किया था। जिसको पांडव की धुनी के नाम से जाना जाता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पांडवों की धुनी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**शिव जी को प्रसन्न करने के लिए किया यज्ञ**

जब पांडव वनवास काट रहे थे, तब युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव कुछ समय के लिए छापी गांव में रहे थे। उस दौरान कौरवों से युद्ध में जीत हासिल करने के लिए और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पांडवों ने यज्ञ किया था और अपने हाथों से शिवलिंग, नंदी और हवन कुंड बनाए थे। जिसके अवशेष यहां पर आज भी देखने को मिलते हैं। इसको पांडवों की धुनी के नाम से जानते हैं।

**हजारों साल पुराने अवशेष**

पांडवों की धुनी अभी भी प्रज्वल्लित है। बताया जाता है कि यहां पर यज्ञ करने के बाद ही पांडवों ने कौरवों पर जीत हासिल की थी। यज्ञ के लिए दो शिवलिंग, हवन कुंड, एक नंदी और मूर्तियों के अवशेष बरगद के पेड़ के नीचे हैं। यह अवशेष देखने पर हजारों साल पुराने लग रहे हैं।
।

**वैसी ही है धुनी**

बता दें कि यह पर रहने वाले स्थानीय लोग पांडवों की इस धुनी का रख-रखाव करते हैं। गांव के लोगों की मानें, तो आज भी पांडवों की धूनी वैसी ही है, जैसे उस समय हुआ करती थी। हालांकि समय के कारण खंडित हुई धुनी के भागों को ठीक किया गया है

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### रिसीविंग सेंटर ब्रज गृह मतगणना केंद्र का निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,साहेबगंज में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बनने वाले रिसीविंग सेंटर,ब्रज गृह, मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजमहल, बोरिया, बरहेट, पोस्टल बैलेट, ब्रजगृह , रिसिविंग गैलरी, मीडिया गैलरी, रिसीविंग सेंटर में बने पंडालों के गैलरी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### वाहनों की जांच करते समय हमारा व्यवहार यात्रियों के प्रति बेहतर रहे इसका विशेष ध्यान रखें: डीसी




दुमका: समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गठित फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एसएफटी) के साथ बैठक की एवं उनके कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत कराया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट को एक्टिवेट करते हुए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाय।चेक पोस्ट पर वेबकैम का अधिष्ठापन किया जाना है ताकि हर गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।कहा कि वाहनों की जांच के समय हमारा व्यवहार यात्रियों के प्रति बेहतर रहे इसका विशेष ध्यान रखें।बिना जांच के किसी भी वाहन को नहीं जाने दें।किसी भी परिस्थिति में दंडाधिकारी चेकपोस्ट में अनुपस्थित नहीं रहे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र,खण्ड में तीन या अधिक समर्पित उड़न दस्ते होंगे।8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में एक विधानसभा क्षेत्र में 9 उड़नदस्ता टीमें रहेगी।उड़न दस्ते में टीम का प्रमुख एक वरिष्ठ कार्यकारी मजिस्ट्रेट, पुलिस स्टेशन का एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और 3-4 सशस्त्र पुलिस कार्मिक होंगे।उनको नकदी या सामान इत्यादि की जब्ती के लिए पूरी तरह समर्पित एक वाहन मोबाइल फोन, एक वीडियो कैमरा और अपेक्षित पंचनामा दस्तावेज दिए जाएंगे।

उन्होंने निदेश दिया फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एसएफटी) को जरूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाय ताकि वे अपने कर्तव्य एवं दायित्वों निर्वहन पूरी तत्परता से करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।सभी मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इसके लिए मतदान की तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय।

उन्होंने एफएसटी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है।नामांकन से लेकर चुनाव की समाप्ति तक विशेष निगरानी करने को कहा है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एफएसटी स्थान बदल-बदल कर चेकिंग करे।सभी वाहनों की जांच सघनता से करें।जांच के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी निश्चित रूप से कराएं।कहा कि 50000 रुपए से अधिक नगद राशि सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने या डराने-धमकाने के लिए प्रयोग की जानी वाली वस्तुओं की बारीकी से जांच करे। जांच में ऐसी वस्तु मिलने पर उसे जब्त करे। 10 लख रुपए से अधिक की नगद राशि मिलने पर आयकर विभाग को सूचित करनी है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सभी क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर पानी,बिजली,शौचालय की व्यवस्था निश्चित रूप से रहे।अगर किसी क्लस्टर एवं मतदान केंद्र पर उक्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं तो अविलंब उक्त सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

इस दैरान पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम को हमेशा भ्रमणशील रहना है।जांच के दौरान प्रतिबंधित वस्तु मिलने पर उसकी पूरी वीडियोग्राफी करनी है।इस दौरान उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को कई आवश्यक निदेश भी दिए।

### रंगोली बनाकर दी गई मतदान की तिथि की जानकारी




दुमका : विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कोषांग के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में रंगोली बनाकर मतदान की तिथि की जानकारी दी गई। इसी क्रम में दुमका प्रखंड के नकटी आंगनवाड़ी केंद्र में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता अभिनव प्रकाश ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आप सभी के माध्यम से विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करना है। इससे मतदान प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि हर मतदाता जागरुक, जिम्मेदार बने और अपने मताधिकार का सही उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान सभी ने मतदाता शपथ ग्रहण किया, और चुनाव संबंधी संदेश से भरे पोस्ट को विभिन्न स्थलों पर अधिष्ठापित किया।

# अपरहित व्यक्ति के मोबाइल से फोन कर एक करोड़ की फिरौती मांगी

### किरायेदार राजु के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर किया था अपहरण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज:** यह बात जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार सिह के द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया की पुणे महाराष्ट्र के रहने वाले याशवंत हीरामन विनोदे को उनके ही किरायेदार राजु के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया और उन्हें लाकर राधानगर दायरा क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ रखा था।18 अक्टूबर को अपरहित व्यक्ति के फोन से उनके पुत्र के मोबाइल पर फोन कर एक करोड रुपए फिरौती की मांग की गई थी ।अपरहित यशवंत जी के बेटे ने इस संबंध में हसदी बड़ी थाना के कांड संख्या 1185/ 24 दर्ज कराया और पुणे क्राईम ब्रांच की एक टीम मालदा एवं साहिबगंज के लिए रवाना हुई इस दौरान टीम के द्वारा तकनीकी सहायता से कुछ लीड देवी लव किया गया और



अपरहित के बारामती की एवं अभिक्तों की गिरफ्तारी में सहयोग हेतु बीते रात 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक मालदा एवं पुलिस अधीक्षक साहिबगंज से संपर्क किया गया।पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर छापा मारी दल के द्वारा पूरी रात राधानगर क्षेत्र के विभिन्न दियारा क्षेत्र में जिसमें पलाशगाछी, प्राणपुर भानु टोला एवं गोला ढाबा के बिहडो में नाव और पैदल खोजबीन किया जाता रहा। अभियुक्त अपना स्थान बदलते रहे। इस दौरान गोल्ड हवा चौहर के दियारा से सुबह 5:00 बजे के करीब अपहरण व्यक्ति यशवंत हरि विनोदे को शक कुशल बरामद किया एवं दो अपराधी को पकड़ा गया अन्य अभियुक्त गंगा नदी में कूद कर भागने में सफल रहे ।पुणे पुलिस की टीम साहिबगंज पहुंच गई है। उनके द्वारा अगरतर अनुसंधान किया जाएगा इसमें साहिबगंज पुलिस के द्वारा हर संभव सहयोग किया गया । पकड़े गए अपराधी नसीम अख्तर पिता मनी रूल हक निवासी धर्मपुर तीन महीने थाना मूसा बड़ी जिला मालदा पश्चिम बंगाल एवं लालू शेख पिता रुस्तम शेख निवासी अमानत डेरा थाना राधा के द्वारा हरसंभव सहयोग किया गया।गिरफ्तार दोनो अभियुक्त के साथ तीन मोबाइल फोन की बरामद किया।अपहरण मामले मे और अभियुक्त को बहुत गिरफ्तार कर लिया जाएगा।मौके पर छापामारी दल में विमलेश कुमार त्रिपाठी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी राजमहल,पुअनि गुलाम सरवर थाना प्रभारी राजमहल,पुअनि नितेश कुमार पाण्डेय राधानगर थाना प्रभारी,पुअनि हसनैन अंसारी राधानगर थाना,पुअनि फुलेश्वर अकेला राधानगर थाना, पुअनि बिट्टु कुमार साहा राजमहल थाना,पुअनि ददन साह राजमहल थाना,पुअनि सालखु मुर्मू राजमहल थाना,सअनि सुनील कुमार मेहता राधानगर थाना, सअनि मनोज कुमार पासवान राधानगर थाना, हवलदार सोनाराम सोरेन राधानगर थाना,आरक्षी 290 सर्वेशर सोरेन राधानगर थाना, आरक्षी 327अमन कुमार, अंगरक्षक, अनुपुपदा, राजमहल, आरक्षी 493 प्रवीण कुमार, अनुपुपदा,राजमहल आवास गार्ड,चाआ 359 मानवेल सोरेन, अनुपुपदा,राजमहल कार्यालय उपस्थित थे।

## चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी से भारी मतों में जीताने को लेकर चर्चा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत सतगाछी पंचायत में कांग्रेस पार्टी के कोर कमिटी के कन्वेनर एवं सदस्यों के द्वारा कांग्रेस पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओ की एक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष तकरीज आलम ने की।बैठक में कोर कमिटी के कनव्हेयर के रूप में जिलाध्यक्ष बरकत खान एवं कोर कमिटी के सदस्य के रूप में मो.नसीरुद्दीन शमसेर खान,मो.तमिजुद्दीन सेख उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुथ कमेटी के सदस्यों को दिशा निर्देश देना था। साथ ही किस प्रकार चुनाव में अग्रतर कार्य करते हुए चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी से भारी मतों में जीताने को लेकर चर्चा की गई। बूथ कमिटी की समीक्षा भी की गई।साथ ही जिलाध्यक्ष बरकत खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड की गठबन्धन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी सभी कार्यकर्त्ता घर घर पहुंचाना सुनिश्चित करें,विशेष कर मुख्यमंत्री मैया समान योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दे।बरकत खान ने बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा किए गए विकास कार्य एवं गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं के द्वारा हम लोग पुनःझारखंड में गठबन्धन की सरकार बनाएंगे।सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि फिर इस बार पाकुड़ विधानसभा से अपने नेता को पिछली बार से भी ज्यादा वोटो से जीता कर झारखंड विधानसभा भेजेंगे।बैठक में नूर मोहम्मद,रहीम शेख,हीरा लाल साहा, प्रमीत तिवारी, अरुण साहा,संजय साहा, मताल टुडू, कलाम शेख, हबील, तसदुक हुसैन, विश्वजीत दास, तामु शेख, मुखलेसुर, प्रेम लाल साहा,तब्बु शेख,नसीरूद्दीन शेख,जलील शेख,असगर अली, बबलू शेख, संदीप भगत, कुद्दुस, विकाश कुशवाहा, अशोक महतो सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता उपास्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज में प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज:** विद्या विकास समिति, झारखंड के द्वारा विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज में प्रांतीय अचार चयन परीक्षा का आयोजन किया गया।आचार्य चयन परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में प्रांत की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक अशोक कुमार साह,सह पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार आजाद एवं केंद्र अधीक्षक के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम उपस्थित थे।परीक्षा में परीक्षार्थियों की कुल संख्या 52 थीं।परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के परीक्षा प्रमुख राघव वत्स एवं विक्षक के रूप में लिपिका राज सिंह,निर्मला कुमारी,सारिका कुमारी,सोनी कुमारी,ऐनी मुर्मू,अजीत कुमार मालवीय, अजय कुमार साह,टीनू कुमारी उपस्थित थे।अमित कुमार, कल्याण भंडारी, श्यामा प्रसाद, सुनील कुमार पंडित, किरण कुमारी गुप्ता,अर्चना वर्मा,स्नेहा भारद्वाज व विद्यालय के कर्मचारी पातुल मंडल, सोनू कुमार यादव, मिथुन पासवान, दिनेशराम एवं अनिता कुमारी का योगदान सराहनीय रहा।

### सूचना, शिकायत का निष्पादन एवं अन्य जानकारी के लिए बनाई गई है कंट्रोल रूम

दुमका: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 15.10.2024 को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा की गयी है।इसके उपरांत आर्दश आचार संहिता प्रभावी हो गया है।

आर्दश आचार संहिता के अनुपालन एवं प्रभावी ढंग से लागु करने हेतु चुनाव घोषणा के 24 घंटे के अन्दर क्रियान्व्यन के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।दुमका जिला अंतर्गत उ्व्रेस्त्र्ल्ल३ द्र्ल्ल३ङ्क१ल्लॅ र८२३ी के प्रभावी अनुपालन हेतु जिला नियंत्रण कक्ष, दुमका में कंट्रोल रूम (247) की स्थापना एवं निर्वाचन हेल्पलाईन 1950 कार्यरत है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित सभी सूचनाएँ, शिकायत का निष्पादन, एवं अन्य जानकारी हेतु मो० सं०- 9508250080 एवं हेल्पलाईन 1950 अधिष्ठापित है।

## पुलिस ने अवैध महुआ शराब को किया नष्ट

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/मंडरो : जिला पुलिस विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध जावा महुआ शराब के खिलाफ साहिबगंज के विभिन्न थानों क्षेत्र में पुलिस रेस हो गयी है। जगह-जगह छापेमारी कर जावा महुआ व शराब नष्ट किया जा रहा है। इससे अवैध धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है । हालांकि पुलिस ने मध्यरात्रि पुलिस ने छापेमारी की और करीब विभिन्न थाना क्षेत्र में कुंटलो जावा महुआ शराब नष्ट किया । छापेमारी में कमरे में जार में मिट्टी के बर्तन में महुआ डालकर उसे रखा था ।सभी जार को घर से बाहर निकालकर पुलिस ने नष्ट कर दिया और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी जारी रहेगी। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण से संपन्न हो पाऐगा ।



## स्वीप कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य स्विप कोषांग के बैनर तले सिद्धो कान्हो इंडोर स्टेडियम साहिबगंज में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रीमियर लीग टूनार्मेंट 2024 का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी,साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार , विशिष्ठ अतिथि प्राचार्य एवं पूर्व सचिव साहिबगंज बैडमिंटन एसोसिएशन के डॉ रणजीत कुमार सिंह व बैडमिंटन एसोसिएशन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप फीता काट कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।स्वीप कोषांग साहिबगंज के माध्यम से नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी खिलाड़ियों व उपस्थित नागरिकों से अपील किया गया कि 20 नवंबर , 2024 विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें एवं लोकतंत्र को मजबूत करें। उक्त बातें अनुमंडल पदाधिकारी सदर ने कही।खिलाड़ी को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ अनुशासित होकर प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करना बड़ी बात है। खेल मैच जीत हार नहीं बल्कि आपके शारीरिक मानसिक एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए एवं मतदान के दिन मतदान करना भी उतना ही आवश्यक है।चुनाव आयोग भारत सरकार जिला प्रशासन की और से सभी मतदान केंद्रों पर जरूरत की सारी सुविधाएं दी गई है, ताकि मतदाताओं को किसी तरह का कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपील करते हुए कहा कि किसी जाति धर्म संप्रदाय भाषा लोभ लालच प्रलोभन शराब आदि से बचे। निष्पक्ष होकर अच्छे एवं स्वच्छ छवि के प्रतिनिधि का चुनाव करें।






# सनी देओल की एक्शन फिल्म 'जाट' का पोस्टर जारी

आज के एक्शन के लीजेंड सनी देओल का जन्मदिन मना रहे हैं और इसी मौके पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जाट' का पहला पोस्टर और आधिकारिक टाइटल जारी किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है और इसे माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज़ हुए फर्स्ट लुक पोस्टर में सनी देओल एक दमदार और इंटेंस अवतार में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ है कि यह फिल्म भरपूर एक्शन और ड्रामा से भरी होगी। फिल्म के एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स इस जॉनर को एक नई दिशा देंगे। सनी देओल, जो अपनी शानदार स्क्रीन प्रेज़ेंस और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, गोपीचंद मलिनेनी के साथ काम कर रहे हैं। मलिनेनी को इंटेंस एक्शन और दिलचस्प कहानियों को जोड़ने के लिए जाना जाता है, और यह सहयोग दर्शकों के लिए एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव लेकर आएगा। 'जाट' में रणदीप हुड्डा, सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा जैसे सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो फिल्म को गहराई और दमखम प्रदान करेंगे। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्टरी जैसी प्रमुख प्रोडक्शन हाउस के द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

फिल्म का संगीत थमन एस द्वारा तैयार किया गया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी ऋषि पंजाबी ने संभाली है। एडिटिंग का काम नवीन नूली और प्रोडक्शन डिज़ाइन अविनाश कोल्ला द्वारा किया जा रहा है। तकनीकी टीम में एक्शन कोरियोग्राफर्स अनल अरासु, राम लक्ष्मण और वेंकट शामिल हैं, जो धमाकेदार एक्शन और स्टंट्स का वादा करते हैं।

# सलमान ने दुबई से मंगवाई नई बुलेटप्रूफ कार



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के कार कलेक्शन में एक नई लग्जरी कार शामिल हो गई है। ये कार बुलेटप्रूफ है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकियों के बाद सलमान खान की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। खबर है कि सलमान खान की पुरानी कार में भी सुरक्षा के लिहाज से कुछ बदलाव किए गए हैं। 12 अक्टूबर को सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद एनसीपी नेता और सलमान खान के दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई। इसकी जिम्मेदारी बिश्नोई गैंग ने ली तो सलमान खान की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

**सलमान खान की नई कार और फीचर्स**

रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान ने नई बुलेटप्रूफ कार खरीदी है। यह पेट्रोल एसयूवी निसान कंपनी का टॉप क्लास मॉडल है। यह कार सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाई गई है। कार में बम अलर्ट जैसे फीचर्स हैं। इस कार के शीशे से गोली नहीं गुजर सकती। प्राइवेसी के लिए कार का रंग गहरा रखा गया है। इस गाड़ी की कीमत 2 करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है। यह गाड़ी भारत में उपलब्ध नहीं है इसलिए सलमान इसे दुबई से मंगवा रहे हैं। सलमान के पास पहले से ही निसान बुलेटप्रूफ कार है, जो सलमान के जन्मदिन से जुड़ा नंबर है।

**सलमान की सुरक्षा बढ़ाई गई**

सलमान खान की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान की सुरक्षा में 60 जवान तैनात हैं। इतना ही नहीं कार्यक्रम में आने वाले लोगों को बिना आधार कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। 'बिग बॉस 18' के स्टाफ को शो खत्म होने तक अपनी सीट से उठने पर रोक लगा दी गई है। 1998 में जोधपुर में काले हिरण के शिकार मामले के बाद से सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई से लगातार धमकियां मिल रही हैं। पिछले कुछ महीनों में ये मामला और गरमा गया है। कुछ महीने पहले सलमान के घर के बाहर फायरिंग भी हुई।

# काला हिरण शिकार मामले पर सलीम खान ने दिया अहम बयान

अभिनेता सलमान खान पर काले मृग का शिकार करने का आरोप लगा है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई है। 12 अक्टूबर को बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद भी सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई। लेकिन सलमान के पिता ने कहा है कि सलमान ने शिकार नहीं किया है। उन्होंने ये भी कहा है कि सलमान मुझसे झूठ नहीं बोलेंगे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिलने के बाद सलीम खान ने इस मामले पर विस्तृत प्रतिक्रिया दी है।

**बाबा सिद्दीकी की हत्या से हम दुखी हैं : सलीम खान**

जिस तरह से बाबा सिद्दीकी की हत्या की गई, उससे हम सभी बहुत दुखी हैं। उन्होंने कई लोगों की मदद की थी। मैं बाबा को बहुत पहले से जानता था। उनके निधन के बाद मुझे दुख हुआ।₹ सलीम खान ने कहा, सलमान को किस बात के लिए माफी मांगने की सलाह दी जा रही है? सलीम खान का ये कहना है कि अगर आपने कोई अपराध नहीं किया है तो क्या आप माफ़ी मांगेंगे? ₹माफ़ी उस व्यक्ति से मांगी जाती है जिसे धमकी दी हो, पैसा खाया हो, परेशान किया हो। 5 करोड़ रुपये दो हम माफ कर देंगे। हम शुरू से कह रहे हैं कि यह पूरा मामला रंगदारी का है₹ ये बात सलीम खान ने कही।

**लॉरेंस बिश्नोई की धमकी पर क्या बोले सलीम खान?**

सलमान खान को कैसे माफ़ी मांगनी चाहिए? अगर सलमान माफी मांगते हैं तो यह साबित हो जाएगा कि उन्होंने काले हिरण को मारा है। उसने शिकार नहीं किया है। मैंने कभी किसी जानवर को नहीं मारा। यहां तक कि सलमान ने आज तक एक भी जानवर की हत्या नहीं की है। हमने एक कॉकरोच को भी नहीं मारा है। सलीम खान ने कहा-हम इन बातों पर विश्वास नहीं करते। मुझे जानवरों से प्यार है साथ ही, सलमान को बहुत प्यार है।"

**सलमान ने मुझे बताया था कि जब हिरन की हत्या हुई तो मैं वहां नहीं था : सलीम खान**

बीइंग ह्यूमन के ज़रिए हमने जानवरों को भी जीवन दिया है। जहां तक मुझे याद है सलमान ने एक कुत्ता पाल रखा था। वह उसके साथ एक मित्र की तरह व्यवहार करता था।

# राम-हनुमान की भूमिका में दिखे अजय, रणवीर




**2011 में रिलीज हुई सिंघम में काजल अग्रवाल और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में थे और इसके बाद 2014 में सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुई। दोनों ही प्रोजेक्ट बॉक्स ऑफिस पर हिट रहे।**

फेमस डायरेक्टर रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म सिंघम अगेन का पहला गाना रिलीज हो गया है। इस फिल्म के हर पोस्टर, सीन, ट्रेलर से लेकर गानों तक के लिए फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इसी बीच शनिवार को फिल्म का पहला गाना फैंस के लिए रिलीज हुआ है, जिसे सारेगामा म्यूज़िक ने अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। ये गाना दो मिनट से ज़्यादा लंबा है, जो कि जय बजरंगबली नाम से है।

**सिंघम अगेन का पहला गाना**

हनुमान चालीसा से प्रेरित यह ट्रैक अजय देवगन, रणवीर सिंह और टाइगर श्रॉफ द्वारा निभाए गए किरदारों के बीच के बंधन की गहरी झलक देता है, जो भगवान राम, हनुमान और लक्ष्मण से प्रेरित है। गाने में रणवीर सिंह का सिम्बा हनुमान का किरदार निभा रहा है, जो गुंडों से लड़ता है। वह अजय देवगन से गले मिलते और उनका आशीर्वाद लेते भी नज़र आते हैं, जिनका किरदार बाजीराव सिंघम भगवान राम से प्रेरित है। एसीपी सत्या (लक्ष्मण से प्रेरित किरदार) के रूप में टाइगर श्रॉफ अजय के साथ-साथ अवनि (करीना) के भी साथ हैं।

**जय बजरंगबली के बारे में**

जय बजरंगबली में श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा, लक्ष्मी नायडू, अद्वितेय, श्रुति रंजनी, प्रणति, ऐश्वर्या दारुरी, साहिथी सहित कई गायकों ने अपनी आवाज दी है। चागंती, मनीषा पंडरंकी, श्रुतिका, लक्ष्मी मेघना, नादप्रिया और वाग्देवी। इसे थामन एस ने संगीतबद्ध किया है और गीत स्वानंद किरकिरे के हैं।

**जय बजरंगबली गाने पर प्रशंसकों की प्रतिक्रिया**

वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक प्रशंसक ने कहा, ₹आप बॉलीवुड को अनदेखा कर सकते हैं, लेकिन अजय देवगन को अनदेखा नहीं कर सकते। आखिरकार, बॉलीवुड ने फिल्मों के दक्षिण भारतीय सिद्धांतों पर चलना शुरू कर दिया है।₹ एक व्यक्ति ने लिखा, ₹जय बजरंगबली, सिंघम फिर से!!! आपको और शक्ति मिले! भक्ति गीत वाकई बहुत बढ़िया है...इसने वाकई मेरे रोंगटे खड़े कर दिए हैं। सिंघम वापस आ गया है, शक्ति और एक्शन से भरपूर। यह फिल्म बाहुबली और साउथ की फिल्मों को पीछे छोड़ रही है।

**सिंघम अगेन के बारे में**

सिंघम अगेन में अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ और रवि किशन भी हैं। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसका मुकाबला कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की भूल भुलैया 3 से होगा। सिंघम अगेन सुपरहिट फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त है।



# फतेह के सेट से लीक हुई सोनू सूद की क्लिप

सोनू सूद की बहुप्रतीक्षित और आगामी साइबर क्राइम एक्शन थ्रिलर 'फतेह' के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स क्लिप हाल ही में ऑनलाइन लीक हुई और वायरल हो गई। फुटेज में सोनू सूद एक सीन की शूटिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो उनके और उनके को-स्टार्स के बीच एक दिलचस्प बातचीत का लग रहा है। लीक हुई क्लिप ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है फिल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है।

'फतेह', जो सूद की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म है, उसमें वे जैकलीन फर्नांडीज और नसीरुद्दीन शाह के साथ मुख्य भूमिका में हैं जो एक हैकर का रोल निभाते नज़र आएंगे। फिल्म में साइबर क्राइम के इर्द-गिर्द घूमने वाली दमदार एक्शन सीक्वेंस और एक मनोरंजक कहानी दिखाई जाने की उम्मीद है। सूद अपने फैंस को फिल्म के लिए की गई तैयारी के बारे में बताते रहे हैं, जिसने उनके उत्साह को और बढ़ा दिया है। इस महीने की शुरुआत में, एक्टर ने फिल्म से अपने फेवरेट डायलॉग का भी खुलासा किया।

ज़ी स्टूडियो और शक्ति सागर प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित, फतेह से भारतीय सिनेमा में साइबर क्राइम पर एक नया नज़रिया लाने की उम्मीद है, जिससे एक्शन-पैक्ड कहानी और एक सिनेमेटिक अनुभव मिलने की उम्मीद की जा रही है।

# श्रद्धा कपूर ने दिया 'स्त्री 3' पर बड़ा अपडेट

फिल्म 'स्त्री 2' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। यह 2018 में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री का सीक्वल है। यह फिल्म करीब दो महीने तक सिनेमाघरों में थी। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में 856 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। हालांकि अब फिल्म की सफलता को लेकर विवाद शुरू हो गया है। कई लोगों ने फिल्म की सफलता का श्रेय श्रद्धा को दिया तो कई लोगों ने राजकुमार राव का नाम लिया गया।

**श्रद्धा ने खोला 'स्त्री 2' की सफलता के पीछे का राज-**

अब आखिरकार श्रद्धा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और 'स्त्री 2' की सफलता के पीछे की वजह का खुलासा किया है। हाल ही में, श्रद्धा कपूर ने कहा कि यह पूरी टीम की कड़ी मेहनत का नतीजा है। दर्शक अंततः तय करते हैं कि कोई फिल्म हिट होगी या नहीं। आप दर्शकों को कुछ ऐसा देना चाहते हैं जो उन्हें सिनेमाघरों तक खींचे और उनका मनोरंजन करे। उन्होंने कहा, ₹जब मैंने पहली बार उनकी स्क्रिप्ट सुनी तो मैं हंसते-हंसते लोटपोट हो गई।₹

**'स्त्री 3' को लेकर बोलीं एक्ट्रेस...**

'स्त्री 3' को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म की कहानी तैयार है। मुझे उत्सुकता है कि अमर कौशिक इस बारे में कब बात करेंगे। 'स्त्री 2' अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। मैडॉक फिल्म्स बैनर के तहत निर्मित इस फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन और तमन्ना भाटिया का कैमियो भी है।



# ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में इशान किशन की वापसी, गायकवाड़ हो सकते हैं कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाज़ों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिज़र्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले दो मैचों में से एक को मिस कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ़ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौक़ा दे सकता है।



देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज़ होंगे। वहीं अभिषेक पोरेल और इशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं। नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे। वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, ख़लील अहमद और यश दयाल को टीम के तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में शामिल किया गया है। 29 वर्षीय ईश्वरन पहले भी 2022 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही इस घरेलू सीज़न में शानदार फ़ॉर्म में हैं। उन्होंने दलीप ट्रॉफ़ी में दो शतक और ईरानी ट्रॉफ़ी में एक शतक बनाया था। रणजी ट्रॉफ़ी में उन्होंने सीज़न की शुरुआत भी शतक के साथ ही की है। 23 वर्षीय सुदर्शन ने अगस्त में इंग्लिश काउंटी सरे के लिए एक शतक बनाया था। इसके बाद दलीप ट्रॉफ़ी में उन्होंने एक और शतक जड़ा। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफ़ी मैच में भी उन्होंने दोहरा शतक जड़ा है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर नितीश ने हर्निया से उबरने के बाद इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के ख़िलाफ़ भारत के लिए T20 अंतर्राष्ट्रीय में डेब्यू किया और फ़िलहाल न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ के लिए भारतीय टेस्ट टीम के रिज़र्व खिलाड़ी हैं। उन्हें भारतीय चयनकर्ताओं द्वारा एक प्रतिभाशाली ऑलराउंडर के रूप में देखा जा रहा है, जो और अधिक अनुभव और अवसरों से बेहतर हो सकते हैं। इंडिया ए की टीम 31 अक्तूबर से मैकॉय में और 7 नवंबर से मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ़ दो चार दिवसीय मैच खेलेगी। इसके बाद वे 15 से 17 नवंबर के बीच पर्थ में भारतीय टीम के ख़िलाफ़ एक वार्म-अप मैच खेलेंगे। इसके बाद 22 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ पहला टेस्ट शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया ए की टीमः ऋतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पड़िक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथर, नवदीप सैनी, ख़लील अहमद, तनुष कोटियान, यश दयाल।

# डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त ग्रेगोरिया टुनजंग ने पीवी सिंधू को हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सिंधू महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। 29 वर्षीय सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं। इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आईं और 6-1 से आगे हो गईं।



उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली। सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से यह सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

## उद्योगपति मुकेश अंबानी ने केदारनाथ व बद्रीविशाल के किए दर्शन

# 5.02 करोड़ का दिया दान

एजेंसी

**गोपेश्वर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किये। इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए अंबानी ने पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। रविवार को प्रातः नौ बजे मुकेश अंबानी बद्रीनाथ धाम पहुंचकर सीधे मंदिर में दर्शन किये। उन्होंने वेदपाठ पूजा संपन्न की। उसके पश्चात मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किये। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार तथा मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। बद्रीनीथ के दर्शन के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी दोपहर पौने ग्यारह बजे केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। केदारनाथ धाम में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया।अंबानी ने केदारनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की और देश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर पुजारी शिवशंकर लिंग, केदारनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण सहित तीर्थ पुरोहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस संबंध में बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि उद्योगपति मुकेश अंबानी प्रत्येक यात्रा वर्ष पारिवारिक सदस्यों के साथ बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम दर्शन करने आते हैं। उन्होंने बताया कि अंबानी ने इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। कोरोनाकाल में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने मंदिर समिति को दान स्वरूप बड़ी मदद की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार बीडी सिंह, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्य भास्कर डिमरी, मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल वेदपाठी रविंद्र भट्ट ईओ सुनील पुरोहित, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, कृष्णानंद पंत, अजीत भंडारी, योगंबर नेगी और हरीश जोशी आदि मौजूद रहे।



## उड़ी सेक्टर के कमलकोट में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**बारामुला।** बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अभी ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल के जवान इलाके में दूसरे आतंकियों के छिपे होने की आशंका में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## जालौन : जंगल में अजगर को छोड़ने गई वन विभाग की टीम को तस्कर समझ पुलिस ने पकड़ा

**जालौन।** जिले में शनिवार की देर रात कदौरा थाना पुलिस द्वारा वन विभाग कर्मियों को तस्कर समझकर पकड़ने का मामला सामने आया है। यहां पर एक गांव में अजगर निकलने पर ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर सरकारी गाड़ी के बजाए प्राइवेट स्कॉर्पियो से गांव पहुंच गई और अजगर को पकड़ लिया। वन कर्मी अजगर को रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ने चले गए। लेकिन रात के वक्त वहां से गुजर रहे राहगीरों ने प्राइवेट गाड़ी से हाथ में बोरा लिए कुछ लोगों को देखा तो उन्हें शक हुआ और इसकी पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीम के लोगों को तस्कर समझ कर पकड़ लिया। बाद में अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद वन कर्मियों की टीम को छोड़ा गया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नजीरपुर के पास सड़क के किनारे किसानों को अजगर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी संजय माथुर को दी। उन्होंने टीम को भेजा, लेकिन मौके पर सरकारी गाड़ी नहीं होने के कारण उन्होंने टीम को अपनी प्राइवेट गाड़ी (स्कार्पियो) से रवाना किया। वन विभाग की टीम में वन दारोगा सत्येंद्र सचान व उनके दो सहयोगी अमरेंद्र सिंह व महबूब अली ने अजगर को पकड़ लिया। उसे एक बोरे में बंद कर लोदीपुर जंगल में छोड़ने के लिए चले गए। रात होने की वजह से ग्रामीणों ने हाथ में बोरे लिए कुछ संदिग्ध होने की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने उन लोगों को ढूंढते हुए जंगल में पहुंचे और वन कर्मियों की टीम को पकड़ लिया।

टीम ने थाना प्रभारी को पूरी घटना की जानकारी दी। क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय माथुर ने बताया कि गलतफहमी और गलत सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। टीम ने अजगर को जंगल में छोड़ दिया है और पुलिस ने भी बाद में जानकारी होने पर वन कर्मियों की टीम को भी छोड़ दिया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पटाखों के गोदाम ब्लास्ट के बाद मलबे में दबी मां- बेटी के शव 20 घंटे बाद निकाले गए

**मुरैना।** मुरैना के इस्लामपुरा में पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट से ढहे मकानों में चल रहे 20 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मां बेटी के शव को निकाल लिया गया है। दोनों के शव बाइके के पास मिले हैं। रविवार सुबह करीब 8 बजे शव मिले। दो जेसीबी की मदद से रेस्क्यू टीम पूरी रात मलबा हटाने में जुटी रही। दरअसल इस्लामपुरा में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे 2 मंजिला मकान में ब्लास्ट हुआ था। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के 4 मकान धराशाई हो गए। मकान में रहने वाले जमील खान की पत्नी अंजू बेगम और 16 वर्षीय बेटी सायना मलबे में दब गई थी। विस्फोट के बाद शनिवार 1 बजे से मां बेटी को मलबे से निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। लेकिन देर रात तक मलबे को अलट पलट कर दिया गया था और जमीन के तीन फीट नीचे तक खुदाई कर दी गई थी। लेकिन मां बेटी नहीं मिले थे। आशंका जताई जा रही थी कि मां बेटी कहीं छिप गई हैं। फिर भी एसडीआरएफ ने रात भर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रखा। रविवार सुबह मकान के एक किनारे दीवार व बाइक के बीच में पहले मां का शव मिला। इसके बाद जब और मलबा हटाया गया तो बेटी का शव भी मिल गया। करीब 20 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शवों को निकाला जा सका। रेस्क्यू करने वाले एसडीआरएफ प्रभारी अजय गौड़ ने बताया, जब हम रेस्क्यू कर रहे थे। एक शव का पैर बाहर दिखा। हमने उसी जगह खुदाई शुरू की। यहां बाइक निकली, उसके नीचे दोनों शव मिले। प्रशासन का दावा है कि ब्लास्ट सिलेंडर फटने से हुआ, लेकिन मौके से पटाखों के रैपर मिले हैं। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि ब्लास्ट बारूद के फटने से हुआ है। जमील पिज्जा का ठेला लगाता है। उसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ में जमील ने बताया कि किचन में एलपीजी गैस के दो सिलेंडर रखे थे। एक भरा था और दूसरा आधा खाली था। उसके एक रिश्तेदार के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस है। वह दिवाली पर पटाखा बनाने का काम करता है। घर में दो पेटी बारूद रखी थी। कुछ बारूद पिछले साल की बची थी।

### पुलिस ने 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** जनपद की पुलिस ने शनिवार रात्रि पांच घंटे अभियान चलाकर 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है, जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने रविवार को बताया कि वारंटियों, एनबीडब्ल्यू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात्रि को 12 बजे से सुबह पांच बजे तक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस ने कुल 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमे थाना उत्तर ने एक, थाना दक्षिण ने एक, थाना रामगढ़ ने तीन, थाना रसूलपुर ने ए, थाना बसई मौहम्मदपुर ने तीन, थाना मटसेना ने चार, थाना लाइनपार ने चार, थाना पचोखरा ने चार, थाना टूण्डला ने चार, थाना रजावली ने पांच, थाना नारखी ने चार, थाना नगला सिंघी ने दो, सिरसागंज ने आठ, थाना नगला खंगर ने तीन, थाना नसीरपुर ने दो, थाना शिकोहाबाद ने 12, थाना खैरगढ़ ने पांच, थाना मकखनपुर ने तीन, थाना जसराना ने आठ, थाना एका ने तीन, थाना फरिहा ने तीन अभियुक्तों को पकड़ा गया है। इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम ने मात्र पांच घण्टे में 83 एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### पांडु नदी में मिला महिला का शव

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र में स्थित पांडु नदी पुल के पास रविवार को एक महिला का शव बहता मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की और उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि गुजैनी क्षेत्र में स्थित पुल के पास रविवार को एक महिला का शव पांडु नदी में बहता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने नाविकों के सहयोग से महिला का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची है। पुलिस कहना है कि महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ और न ही उसकी पहचान हो पाई है। पुलिस टीम स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजने की कार्रवाई कर रही है।

### बलिया में छात्रा के साथ दुष्कर्म, आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही जांच

**बलिया।** बलिया में नौवीं की छात्रा के साथ उसके जान-पहचान के युवक ने दुष्कर्म किया। इस आरोप के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। जिले में हाल के दिनों में दुष्कर्म की घटनाएं लगातार हो रही हैं। शायद ही कोई ऐसा दिन बीत रहा हो जब पुलिस के पास दुष्कर्म की शिकायत नहीं पहुंच रही हो। एक घटना की पुलिस जांच कर रही होती है, तब तक दूसरी घटना सामने आ जाती है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने रविवार बताया कि नरही थाना में शनिवार को पहुंच कर एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची जो कक्षा नौ में पढ़ती है, को उसके जानने वाला एक युवक कहीं लेकर चला गया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना हुई। वापस आकर किशोरी ने घटना के बारे में बताया है। एसपी ने कहा कि इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण मैंने भी कर लिया है। नामजद आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने 3 किमी तक बरपाया कहर

### कई वाहनों को ठोका, सिपाही समेत तीन घायल

**झांसी।** शनिवार की देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक का कहर देखने को मिला। शराब के नशे में धुत ट्रक चालक ने तीन किलोमीटर तक कई वाहनों को अलग-अलग जगहों पर कुचल दिया। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि रेलवे स्टेशन के करीब बने जीआरपी थाने के सामने ही तीन ऑटो और एक जीआरपी के सिपाही को टक्कर मारकर घायल कर दिया। वाहनों को कुचलता देख मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मची गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचे घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस को तहरीर का इंतजार है। शनिवार की रात करीब 11 बजे ग्वालियर रोड पर पाल कॉलोनी की ओर से आ रहे एक यूपी 93 बीटी 3201 ट्रक का चालक शराब के नशे में धुत था। इसके चलते वह ट्रक से सन्तुलन खो बैठा और ट्रक को तेज रफ्तार से चलाते हुए अनियन्त्रित होकर सबसे पहले शिवानी तिराहा के पास एक आटो में टक्कर मारी। इसके बाद वह ग्वालियर क्रॉसिंग पर बने ओवरब्रिज पार कर भगाते हुए बीकेडी चौराहा आया और चित्रा चौराहा की ओर गाड़ी मोड़ ली। ध्यानचन्द स्टेडियम पार करते ही, अनियन्त्रित ट्रक एक और आटो से जा टकराया। इससे बदहवास हुआ चालक ट्रक को लेकर स्टेशन की ओर भाग चला। जब गाड़ी जीआरपी थाने के सामने पहुंची, तो वहां सड़क पार कर रहे जीआरपी के दीवान जयपाल को उसने टक्कर मार दी। आटो का चालक नगरा निवासी मनीष सोनी, ऑटो में बैठे सीपरी बाजार निवासी मोहर सिंह घायल हो गए। सूचना मिलते ही जीआरपी और नवाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। चालक व ट्रक को कब्जे में लेकर सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।

मप्र में मानसून की विदाई के बाद भी सिस्टम सक्रिय

## इंदौर-जबलपुर समेत 18 जिलों में बारिश के आसार

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस मानसून सीजन में अच्छी बारिश हुई है। प्रदेश में 44.1 इंच बारिश हो गई, जो 18 प्रतिशत ज्यादा है। मानसून विदा हुए 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन कई जिलों में बारिश का दौर अभी भी जारी है। शनिवार को खरगोन, धार, पांढुर्णा, रतलाम, इंदौर समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। ऐसा ही मौसम आज रविवार को भी बना रहेगा। इंदौर, जबलपुर समेत 18 जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, ट्रफ अरब सागर के ऊपर एक्टिव है। वहीं, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी सक्रिय हैं। इनका असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। खासकर दक्षिणी जिलों में पिछले 3 दिन से बारिश हो रही है। अगले 24 घंटे के दौरान आलीराजपुर, झाबुआ, धार, बड़वानी, इंदौर, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई जिलों में मौसम साफ रहेगा। जबकि 21 अक्टूबर को इंदौर में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान है। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर रहा। खरगोन में एक घंटा तेज बारिश हुई। पांढुर्णा में शाम को तेज बारिश हुई। धार जिले के बदनावर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में पानी गिरा। वहीं, रतलाम में बारिश का दौर चलता रहा। वहीं, मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के जिलों में बारिश के बीच गुलाबी ठंड का असर भी शुरू हो गया है। जबलपुर, मंडला, नौगांव, रीवा, उमरिया, टीकमगढ़, ग्वालियर, पचमढ़ी, राजगढ़ में रात का पारा 20 डिग्री सेल्सियस से कम है। प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में टेम्प्रेचर 18 डिग्री के आसपास चल रहा है। शनिवार को कई शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री से कम रहा।

## राजस्थान : तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में मारी टक्कर, 8 बच्चों सहित 12 की मौत

एजेंसी

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेम्पो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेम्पो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। पुलिस ने टेम्पो सवार घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।



**मृतकों में आठ बच्चे और तीन महिलाएं**

बाड़ी कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि गुमट निवासी इरफान ऊर्फ बंटी (38) का टेम्पो था जो बहन के घर भात भरने के बाद परिवार समेत अपने घर लौट रहा था। सुन्नीपुर के पास बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिला और आठ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की शिनाख्त इरफान उर्फ बंटी (38), उसकी पत्नी जूली (34), बेटी आसमा (14), बेटा सलमान (8), साकिर (6), इरफान का भतीजा बेटा सानिफ (9), अजान (5), जरीना (35), उनकी बेटियां आसियाना (10), सूफी (7), परवीन (32), बेटा दानिश (10) के रूप में हुई है। वहीं साजिद (10) को घायल हालत में धौलपुर से जयपुर रेफर किया गया है। बाड़ी अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया कि रात करीब 12 बजे घायलों को बाड़ी अस्पताल लाया गया। मेडिकल टीम ने सभी को तुरंत इलाज देने की कोशिश की। 14 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 10 की मौत हो चुकी थी। 4 घायलों को गंभीर हालत में धौलपुर रेफर कर किया था, लेकिन 2 लोगों की रास्ते में मौत हो गई। दो घायलों का धौलपुर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## जिला कारागार झांसी में 40 बंदी महिलाओं में आठ रखेंगी करवा चौथ का व्रत

एजेंसी

**झांसी।** पति-पत्नी के रिश्ते से जुड़ा पवित्र त्योहार करवा चौथ रविवार को मनाया जा रहा है। पत्नियां अपने पति की लंबी उम्र के लिए इस दिन व्रत रखती हैं। झांसी जिला कारागार में बंद महिला कैदी करवा चौथ का व्रत रख कर मनाएगी। जिला जेल में बंद महिला बंदी अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। जेल में कुल 40 महिला बंदी कैद हैं। इनमें से आठ महिला बंदी इस कठिन व्रत को रखेंगी।

गौरतलब है कि झांसी जिला जेल में 40 महिला बंदी हैं। इनमें से आठ महिलाएं आज रविवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। दो महिलाओं के पति भी उनके साथ जेल में बंद हैं। इनके लिए अलग से व्यवस्था भी की जा रही है, लेकिन यह रियायत अनुशासन के साथ और सीमित समय के लिए ही मिलेगी। जेल प्रशासन द्वारा करवा चौथ का व्रत रखने वाली सभी महिला बंदियों की सूची तैयार की गई है। महिलाओं को व्रत से जुड़ी सभी जरूरी चीजें भी उपलब्ध करा दी गई हैं। इसके लिए जेल प्रशासन ने समाजसेवी संस्थाओं की मदद ली है। जिन महिलाओं के पति भी उनके साथ जेल में बंद हैं,उन्हें विशेष तौर पर उस दिन उनके पति से मिलवाया जाएगा। कॉमन बैरक में यह मुलाकात होगी। वहां महिला बंदी अपने पति से मिल सकती हैं। वहां वह चांद के दर्शन के बाद अपने पति के साथ पूजा भी कर सकती हैं। जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर जेल में रहने वाले कैदियों के लिए विशेष इंतजाम किए जाते हैं। करवा चौथ के अवसर पर भी जो महिलाएं व्रत रखेंगी, उनके लिए व्रत से संबंधित करवा, चलनी और पूजन की अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। इन रश्मों रिवाजों के बीच करवा चौथ का पर्व मनाने के साथ सुरक्षा का भी ख्याल रखा गया है।



पद-प्रतिष्ठा पर भारी पड़ा मां का आदेश

## बविआ नेता पाटील ने किया चुनाव लड़ने से इनकार

एजेंसी

**मुंबई।** बीते कुछ दिनों से वसई-विरार की राजनीति में चल रही उठा-पटक शांत हो गई है। बहुजन विकास आघाडी (बविआ) के वरिष्ठ नेता और पार्टी प्रमुख विधायक हितेंद्र ठाकुर के खास राजीव पाटील के भाजपा में जाने की खबरों पर विराम लग गया है। बताया जा रहा है कि राजीव पाटील के बविआ छोड़ने और किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने के निर्णय से उनकी 89 वर्षीय मां काफी नाराज थी। वह नहीं चाहती थीं कि राजीव पाटील अपनों के सामने ही चुनाव लड़ें। मां की बातों से भावुक होकर राजीव पाटील ने बविआ में रहने के साथ ही विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। राजीव पाटील के इस फैसले से असमंजस में पड़े बविआ के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार राजीव पाटील बहुजन विकास आघाड़ी के कार्याध्यक्ष और कद्दावर नेता हैं। पार्टी की हर चुनावी जीत में उनकी अहम भूमिका रहती है। कुछ दिनों पहले मीडिया में खबरें आईं कि वीवीएमसी के प्रथम महापौर व बविआ के दिग्गज नेता राजीव पाटील पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल होंगे और नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। इस खबर से वसई-विरार में राजनीतिक हलचल मच गई। वहीं नवरात्रि उत्सव के दौरान राजीव पाटील भाजपा के कई कार्यक्रमों में शामिल होते दिखे। दूसरी ओर बविआ प्रमुख हितेन्द्र ठाकुर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक बुलाई थी। ठाकुर ने दावा किया था कि वह जिले की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज करेंगे। इधर, वसई-विरार में चल रही उठा-पटक के बीच राजीव पाटील ने फैसला लिया कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे और न ही बीजेपी में शामिल होंगे। पार्टी के पारिवारिक सूत्रों की मानें तो राजीव पाटील के किसी अन्य पार्टी में जाने के फैसले से उनकी मां काफी नाराज थीं। वे नहीं चाहती थीं कि वह बविआ छोड़कर किसी भी पार्टी में शामिल हों। उनकी मां का कहना था कि बविआ अपना ही परिवार है, अपनों के ही सामने चुनाव क्यों लड़ रहे हो। मां की बातों से भावुक होकर राजीव पाटील ने फैसला किया है कि वे न तो किसी पार्टी में जाएंगे और न ही विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला की हत्या कर शव को बालू के नीचे दबाया

**किरीबुरु:** टोंटो थाना अन्तर्गत अत्यन्त नक्सल प्रभावित बुंडू गांव के मानकी टोला निवासी स्व0 ओयबन अंगारिया की पत्नी गुरुवारी अंगारिया की हत्या कर शव को कारो नदी तट पर बालू अथवा मिट्टी के नीचे दबाकर छिपाने का मामला प्रकाश में आया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गुरुवारी अंगारिया की पति की मृत्यु 10 वर्ष पहले हो चुकी है। वह अपने घर में अकेला रहती थी। सूत्रों अनुसार गांव के ही दो लोग अंधविश्वास के चक्कर में आकर बीते गुरुवार की रात लगभग 7-8 बजे उसकी हत्या कर शव को छिपा दिया। सूत्रों अनुसार गुरुवारी का शव रोवाम गांव के समीप अस्पताल भवन के बगल से गुजरी कारो नदी के तट पर जमीन अथवा बालू के नीचे छिपा दिया गया है।

### झामुमो के टिकट पर सरायकेला से लड़ूंगा चुनावः गणेश महली

**सरायकेला :** भाजपा की सूची शनिवार की शाम जारी होते ही भाजपा के नेताओं में भगदड़ मच गई। एक ओर पोटका से दो बार विधायक रही मेनका सरदार ने जहां पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ सभी पदों से इस्तीफा दे दिया, वहीं दूसरी ओर चंपाई सोरेन के पार्टी में आने और सरायकेला से चुनाव लड़ने की आशंका के बाद खुद को खरसावां से प्रत्याशी बनाने की मांग करने वाले पार्टी के कद्दावर और दो बार सरायकेला से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली ने भी पार्टी से बगावत करते हुए झामूमो से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। वे शाम में ही सूची में अपना नाम नहीं देख भड़के हुए थे।

रात करीब 10 बजे अपने शुभचिंतकों और समर्थकों से विचार विमर्श करने के उपरांत शुभम संदेश को दूरभाष पर फोन कर गणेश महाली ने कहा कि वे झामुमो की टिकट पर सरायकेला से चुनाव लड़ेंगे। उनका झामुमो के आला नेताओं से बात पक्की हो चुकी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस पार्टी का 25 वर्षों से झंडा ढोया वो आज दूसरे दलों की राह पर (परिवारवाद) चल पड़ी है। ऐसे में मैंने अपने शुभचिंतकों और समर्थकों के सम्मान के लिए झामुमो से चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। यहां की जनता की यही मांग है।

### महिला की हत्या कर शव को बालू के नीचे दबाया

**किरीबुरुः** टोंटो थाना अन्तर्गत अत्यन्त नक्सल प्रभावित बुंडू गांव के मानकी टोला निवासी स्व0 ओयबन अंगारिया की पत्नी गुरुवारी अंगारिया की हत्या कर शव को कारो नदी तट पर बालू अथवा मिट्टी के नीचे दबाकर छिपाने का मामला प्रकाश में आया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गुरुवारी अंगारिया की पति की मृत्यु 10 वर्ष पहले हो चुकी है। वह अपने घर में अकेला रहती थी। सूत्रों अनुसार गांव के ही दो लोग अंधविश्वास के चक्कर में आकर बीते गुरुवार की रात लगभग 7-8 बजे उसकी हत्या कर शव को छिपा दिया। सूत्रों अनुसार गुरुवारी का शव रोवाम गांव के समीप अस्पताल भवन के बगल से गुजरी कारो नदी के तट पर जमीन अथवा बालू के नीचे छिपा दिया गया है।

### पूर्वी सिंहभूम में दूसरे दिन बिके 24 नामांकन फॉर्म, अब तक 49 ने खरीदा

जमशेदपुर : विधानसभा चुनाव के नामांकन की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन भी कोल्हान में नामांकन फॉर्म खरीदने की होड़ मची रही। दूसरे दिन भी सर्वाधिक नामांकन फॉर्म पूर्वी सिंहभूम जिले की छह सीटों के लिए बिका। इसमें बहरागोड़ा से 1, घाटशिला से 1, पोटका विधानसभा क्षेत्र के लिए 7, जुगसलाई के लिए 2, जमशेदपुर पूर्वी के लिए 7 तथा जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के लिए अभ्यर्थियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा। दो दिनों में कुल 49 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जबकि एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। अधिसूचना के दूसरे दिन जिन महत्वपूर्ण संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन फॉर्म खरीदा, उनमें जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के डॉ। अजय कुमार तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में कृष्णा लोहरा, जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हैं।

वहीं पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से पहले चरण के दूसरे दिन खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के भाई समाजसेवी डॉ। विजय सिंह गागराई समेत तीन लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा। इसमें चम्बरु जामुदा एवं रंजीत बोदरा शामिल हैं। तीनों प्रत्याशी चुनाव लड़ने व अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। नामांकन पर्चा खरीदने के दौरान डॉ। विजय सिंह गागराई के समर्थक राजेन्द्र मेलगांडी, बेसरा पूर्ति, रामराय सामड, अभिमन्यु प्रधान, पांडु बारला, सहदेव मुंडा, सुरेश जोंको, दीपक मुंडा, वीर सिंह हांसदा, सुधीर गागराई, मारकुस गागराई, कुशल गागराई, मनोज जोंको, राफेल बांकिरा, दयासागर केराई, माझीराम जोंको समेत अन्य मौजूद थे।

### डॉ। अजय कुमार ने खरीदा पर्चा, 24 को करेंगे नामांकन

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा।अजय कुमार ने शनिवार को नामांकन फॉर्म खरीदा। उनके प्रतिनिधि एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने अनुमंडल कार्यालय से पर्चा प्राप्त किया। डा। अजय कुमार 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि 25 वर्षों के धोखाधड़ी का जबाव वो बोट के चोट से करेगी। 25 वर्षों से जमशेदपुर पूर्वी में एक ही पार्टी का वर्चस्व रहा और इस दौरान विकास तो नहीं हुआ लेकिन भय, भ्रष्टाचार आतंक की नई इबारत लिखी गई। आतंक तो ऐसा की रेहड़ी ठेले वाले तक को नहीं बक्शा गया। लोग त्राहिमाम करने लगे और पूर्वी की जनता ने भाजपा परिवार के बागी उम्मीदवार को इस उम्मीद से विजय दिलाया की कुछ राहत मिलेगा। लेकिन यहां भी लोगों को धोखा ही मिला। लोगों को, आसमान से गिरे और खजूर पर अटके वाली स्थिति का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। जमशेदपुर पूर्वी की जनता त्रस्त है। मालिकाना के नाम पर 25 वर्षों तक जनता को मुर्ख बनाया। अब जनता ने मन बना लिया है। चुनाव में वह 25 वर्षों का हिसाब करेगी।

### नीमडीह में अंतरराज्यीय चेकनाका पर इनोवा कार से दो लाख रुपये जब्त

**सरायकेला :** विधानसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बरती जा रही विशेष निगरानी का पुलिस को लाभ भी मिल रहा है। अंतरराज्यीय सीमा पर चेकनाका लगाकर दूसरे प्रदेशों से आने वाले वाहनों की जांच में पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इसी क्रम में सरायकेला-खरसावां जिले के पश्चिम बंगाल से सटे नीमडीह थाना क्षेत्र के अंतरराज्यीय सीमा पर लगाए गए चेकनाका पर शुक्रवार की रात डेढ़ बजे पुलिस टीम द्वारा इनोवा कार से दो लाख रुपये जब्त किया गया। पुरुलिया से जमशेदपुर जा रहे इनोवा कार सवार ने रुपये निजी जरूरत के बताया गया, लेकिन रुपये से संबंधित की प्रकार का पुख्ता सबूत नहीं दिखया गया। इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी एसके तिवारी ने बताया कि चेकनाका पर विधिवत रुपये जब्त कर इसकी लिखित जानकारी व्ययन पदाधिकारी को दे दी गई है। जांच के बाद इस पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं शनिवार को चांडिल के अनुमंडल पलुसि पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा के मौजूदगी में वाहन जांच किया गया। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल और सीमावर्ती पुलिस थाना के पदाधिकारियरें के साथ चांडिल अनुतंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना परिसर में शनिवार को इंटर स्टेट को-ऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित किया गया। चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा की अध्यक्षता में नीमडीह थाना परिसर में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक, पटमदा और चांडिल के पुलिस निरीक्षक शामिल थे।

# मुड़मा जतराः अंतिम दिन उमड़ा जनसैलाब सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन







**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** दो दिवसीय मुड़मा राजकीय जतरा शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में आदिवासी संस्कृति की अनूठी छटा देखने को मिली। शनिवार को पारंपरिक वेशभूषा में हाथी, घोड़ा, बाघ, झंडा, मोर, नेवला और अन्य प्रतीक चिन्हों के साथ देश-विदेश से आए सैकड़ों लोग नाचते-गाते जतरा स्थल पहुंचे, जिससे आदिवासी संस्कृति का हर पहलू जीवंत हो उठा।

कंदरी, पुनरी, कंजिया, पलामू किला, लातेहार, पाटन पलामू, चुन्द, नगड़ा, सुरसा, नारो, गोरे, करकरा, दिधिया, भरनो, हुटार, चितरकोटा कोको, रघुनाथपुर आदि स्थानों से आदिवासी समूह ह्यघोलह्ल के रूप में जतरा में शामिल हुए। ये समूह पारंपरिक गीतों की धुन पर नाचते हुए पहले शक्ति स्थल का परिक्रमा करते नजर आए और इसके बाद स्थल के पूरब दिशा में घंटों तक थिरकते रहे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि यदि मौका मिला, तो 62 एकड़ जमीन राजी पड़हा सरना समिति को दे दी जाएगी। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जतरा को आदिवासियों की सांस्कृतिक पहचान करार देते हुए कहा, ₹मुड़मा जतरा आदिवासी समाज की आत्मा है। यह हमारी संस्कृति, हमारी पहचान, और हमारे इतिहास को संजोए रखने का प्रतीक है। हमें इस सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करने की आवश्यकता है।

मुड़मा जतरा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के बाद जिला और स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली। जतरा की तैयारी लंबे समय से चल रही थी, जिसमें जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन और संचालन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हालांकि, आयोजन के दौरान कुछ स्थानों पर जाम की समस्या रही, लेकिन कुल मिलाकर जतरा का सफल और शांतिपूर्ण समापन हुआ। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे स्थल पर 24 घंटे गश्त, वाच टावर, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही थी।

मुड़मा जतरा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने जमकर खरीदारी की। ईख (कतारी) की खास बिक्री देखी गई, जो जतरा का मुख्य आकर्षण रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने उत्साह के साथ खरीदारी की। बालूशाही मिठाई, फुचका, चाउमीन, और अन्य भारतीय और चाइनीज खाद्य सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ रही। साथ ही, तलवार, भाला, ढोल नगाड़ा, घरेलू सामान, मछली पकड़ने के जाल और कंबल जैसी वस्तुओं की भी बिक्री जोरदार रही।

मुड़मा जतरा ने न केवल आदिवासी संस्कृति का जश्न मनाया बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया। यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए सांस्कृतिक गौरव और समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरा, और इसके सफल आयोजन से स्थानीय प्रशासन और जनता ने संतोष व्यक्त किया।

# मीरा मुंडा को टिकट मिलने के बाद मेनका सरदार ने दिया इस्तीफा





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम के पोटका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को टिकट दिया है. इस घोषणा पर समर्थकों ने मीरा मुंडा को बधाई दी है. मौके पर भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि पार्टी ने हमें मौका दिया है. जनता के लिए काम करेंगे. वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसे मिटाने के लिए जनता को भाजपा का साथ देना होगा.

पूर्व विधायक मेनका सरदार ने दिया इस्तीफा

इस बीच पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. झारखंड विधानसभा चुनाव में 81 विधानसभा सीट बटंवारे के बाद भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है. कोल्हान में पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत 6 विधानसभा सीट में भाजपा ने पोटका विधानसभा के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के नाम की घोषणा की है. शनिवार देर शाम को नाम की घोषणा के बाद जमशेदपुर घोड़ाबंधा स्थित अर्जुन मुंडा के आवास पर भाजपा कार्यकताओं की भीड़ लगने लगी, जिनमे महिलाएं भी मौजूद रही. सभी मीरा मुंडा को मिठाई खिलाकर बधाई देते नजर आए.

पहली बार चुनावी मैदान में मीरा मुंडा

बता दें कि मीरा मुंडा पहली बार चुनाव लड़ रही है. इससे पहले अपने पति अर्जुन मुंडा के साथ पार्टी के कार्यक्रम में अक्सर शामिल होती रही है. पोटका विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की बात पर मीरा मुंडा ने कहा कि यह विधानसभा पहले भाजपा के खाते में था. 2019 में जेएमएम ने इस सीट पर कब्जा किया और तब से जनता का शोषण करते आए हैं. इस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि अब जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगी. मीरा मुंडा ने टिकट दिए जाने पर भाजपा के वरीय नेताओं को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार पार्टी ने जिम्मेदारी दी है, जिसे तत्पर पूरा करूंगी. इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का भी बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि वे अच्छा कर रही है. उनके बारे में ज्यादा नहीं बोलेंगे.

इधर, मीरा मुंडा को टिकट दिए जाने पर पोटका भाजपा में नाराजगी खुलकर सामने आया है. पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार को टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. मेनका सरदार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपना इस्तीफा पत्र भेज दिया है. हालांकि उस पत्र में इस्तीफा के कारण का उल्लेख नहीं किया है. उन्होंने लिखा है कि मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्य के साथ सभी पदों से इस्तीफा दे रही हूं. इसे स्वीकार किया जाए.

## भाजपा ने रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास को बनाया उम्मीदवार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुरः** झारखंड विधानसभा चुनाव में सभी 81 सीटों पर सीट बंटवारे के बाद भाजपा ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. इधर, सबकी निगाहें जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा पर थी. कई चर्चित चेहरों के नाम चर्चा का विषय बने रहे, लेकिन भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले इस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास के नाम की घोषणा की.

इधर, पूर्णिमा दास के नाम की घोषणा होते ही एग्रिको स्थित आवास में भाजपा कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा. सभी पूर्णिमा दास को बधाई देने कें लिए आतुर नजर आए. इस दौरान रघुवर दास की पत्नी रुक्मिणी दास और उनके बेटे ललित दास भी मौके पर मौजूद थे.बता दें कि रघुवर दास जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक रह चुके हैं. वर्ष 2019 में सरयू राय ने निर्दलीय चुनाव लड़कर उन्हें हराया था. इसके बाद से बीजेपी में सन्नाटा पसरा हुआ था, लेकिन इस बार पूर्णिमा दास को टिकट मिलने के बाद बीजेपी खेमे में उत्साह देखा जा रहा है. बीजेपी से टिकट मिलने के बाद पूर्णिमा दास ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं. बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे जिम्मेदारी से निभाऊंगी. मुझे आप सभी का आशीर्वाद चाहिए.

## झारखण्ड के डीजीपी बदले गयें अजय कुमार सिंह फिर डीजीपी बनें



**मेट्रो रेज संवाददाता**

झारखण्ड में विधानसभा चुनाव के तिथि की घोषणा होने के साथ ही मुख्य सचिव के पश्चात डीजीपी भी बदले गयें। चार दिन पूर्व मुख्य सचिव के रूप में अलका तिवारी झारखण्ड की नयी मुख्य सचिव बनीं। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी श्रीमती अलका तिवारी को झारखण्ड का नया मुख्य सचिव बनाया गया। वहीं आज झारखण्ड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के स्थान पर भारतीय पुलिस सेवा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को झारखण्ड का नया डीजीपी बनाया गया है। चुनाव आयोग ने चुनाव के बीच झारखण्ड में मुख्य सचिव और डीजीपी को बदल दिया। इसके अलावे चुनाव आयोग ने इसके पूर्व राँची के उपायुक्त मंजुनाथ भजोन्तरी को भी हटाकर उनके स्थान पर वरूण रंजन को राँची का नया उपायुक्त बनाया। इसके अलावे बोकारो के भी पुलिस अधीक्षक को बदला गया है।

## चक्रधरपुर से शशिभूषण सामड को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से अजजा 56 से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने जन आकांक्षा के अनुरूप इस बार चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से शशिभूषण सामड को भाजपा का टिकट देने के साथ ही उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है। पूर्व विधायक शशिभूषण सामड निरंतर कई वर्षों से आम जनता के बीच सुलभ तरीके से उपस्थित होकर जन समस्या के विरूद्ध निरंतर कार्य कर रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी श्री भूषण आम लोगों से घुलमिलकर उनके साथ सहभागिता निभा रहे थे और जैसा कि कयास लगाया जा रहा था कि इस बार भारतीय जनता पार्टी पूर्व विधायक शशिभूषण सामड को अपना प्रत्याशी बनायेगी और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राज्य के 66 प्रत्याशियों की नामों की घोषणा की और इसमें श्री सामड का नाम शामिल है। श्री सामड के प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकताओं में बेहद उत्साह है वहीं श्री सामड के मित्रगण, शुभचिन्तक ने भी उन्हें भाजपा से टिकट मिलने पर उन्हें बधाई दी है। वहीं भाजपा प्रत्याशी बनने पर शशिभूषण सामड ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि उन्हें जिस विश्वास के साथ पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है उसके लिए वे हृदय से सब जनों का आभारी हैं तथा विधानसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और स×ाा में पुनः काबिज होगी क्योंकि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से त्रस्त है और उब चुकी है इसलिए अबकी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए प्रदेश में व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

# देवघर जिला प्रशासन ने लगाई चौपाल, बुजुर्गों मतदाताओं को दी जानकारी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघरः** झारखंड में चुनाव की घोषणा होने के बाद से सभी जिले के अधिकारी अपने-अपने जिले में पदाधिकारी के साथ बैठक कर आचार संहिता के नियमों एवं उसके तहत हो रहे कार्यों का अवलोकन करते दिख रहे हैं. इसी को लेकर देवघर के भी जिला उपायुक्त विशाल सागर जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं और चुनाव के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश देते नजर आ रहे हैं. बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि जिले में निष्पक्षता, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भय मुक्त चुनाव को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को चौकन्ना रहने की जरूरत है. जहां भी उन्हें लग रहा हो कि असामाजिक तत्व चुनाव को डिस्टर्ब कर सकते हैं उन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें.

उपायुक्त ने जिलास्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि आचार संहिता प्रभावी होने के कारण किए जाने वाले कार्यों से सभी एजेंसियों के अधिकारियों को अवगत कराया गया. वहीं उन्होंने हिदायत दी कि बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेनदेन के संबंध में आयोग के निदेर्शों का अनुपालन करें. संदिग्ध लेनदेन, निकासी और जमा करने वालों पर विशेष नजर रखने का दिशा निर्देश बैंक के अधिकारियों को दिया गया है.

वहीं उपयुक्त विशाल सागर ने वन विभाग, परिवहन विभाग, डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, कस्टम, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, देवघर एयरपोर्ट और जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भय मुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके.

विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल भी लगाए जा रहे हैं. शुक्रवार को देवघर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल का आयोजन कर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान से जुड़ी जानकारियां दी गई. बुजुर्ग मतदाता कैसे मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें, इसको लेकर रश्एएढ गतिविधियों की जानकारी लगाए गए चौपाल के माध्यम से दी गई. जिला प्रशासन की तरफ से देवघर विधानसभा के लोगों से आग्रह किया गया कि 20 नवंबर को अपने घरों से निकल कर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें. ताकि निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जनप्रतिनिधि का चयन हो सके.